RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 161 • 02:10:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

## पीएम मोदी और जमैका के प्रधानमंत्री के बीच द्विपक्षीय वार्ता, व्यापार-निवेश पर चर्चा

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के बीच मंगलवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने संबंधों को अधिक मजबूत करने और व्यापार, निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल परिवर्तन, विकास साझेदारी, शिक्षा, क्षमता निर्माण और लोगों से लोगों से संपर्कों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के बीच मंगलवार को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त पत्रकार सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान दोनों नेताओं की उपस्थिति में भारत और जमैका के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर कहा कि भारत और जमैका के संबंध साझा इतिहास, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच संबंधों की मजबूती पर टिके हुए हैं। दोनों देशों को चार सी कल्चर (संस्कृति), क्रिकेट, कॉमनवेल्थ (राष्ट्रमंडल) और कैरिकॉम (कैरेबियन समुदाय) जोड़ता है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि जमैका उच्चायोग के सामने सड़क का नाम "जमैका मार्ग" रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सड़क भावी पीढ़ियों के लिए हमारी गहरी मित्रता और हमारे सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगी। जमैका की विकास यात्रा में भारत को विश्वसनीय और प्रतिबद्ध विकास बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल सार्वजनिक ढांचा, लघु उद्योग, जैव ईंधन, नवाचार, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि जैसे क्षेत्र में जैसे क्षेत्रों में भारत अपना अनुभव जमैका के साथ साझा करने के लिए तैयार हैं। रक्षा के क्षेत्र में भारत द्वारा जमैका की सेना की ट्रेनिंग और क्षमता निर्माण पर दोनों देश आगे बढ़ेंगे। भारत और जमैका के बीच व्यापार और निवेश बढ़ रहा है। आईटीईसी और आईसीसीआर छात्रवृत्ति के माध्यम से भारत जमैका के लोगों के कौशल, विकास और क्षमता निर्माण में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत और जमैका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित वैश्विक संस्थानों में सुधार की आवश्यकता पर सहमत हैं। इन्हें समकालीन रूप देने के लिए हम साथ मिलकर काम करते रहेंगे। संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद हमारी साझा चुनौतियाँ हैं। हम इन चुनौतियों का मिलकर सामना करने पर सहमत हैं। भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में अपने सफल अनुभव को जमैका के साथ साझा करने में खुशी होगी। दोनों देशों ने खेलों में अपने सहयोग को मजबूत करने पर भी चर्चा की। उन्हें विश्वास है कि आज की चर्चा के नतीजे हमारे संबंधों को उसेन बोल्ट से भी तेज गति देंगे और हम नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे। जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस ने कोविड के कठिन समय को याद करते हुए भारत को सच्चा मित्र और भागीदार बताया और घोषणा की कि भारत सरकार की ओर से संचालित वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में जमैका शामिल होगा। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं के बीच चर्चाओं में आपसी हित के कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल परिवर्तन, फिल्म, शिक्षा, खेल, पर्यटन और कई अन्य विषय शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बहुपक्षवाद में भारत का विश्वास सभी देशों के लिए काम करता है। भारत के जी20 की अध्यक्षता के दौरान शिखर सम्मेलन की वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ श्रृंखला में वे भी शामिल हुए थे।

### कृषि संबधित समस्याओं के लिए राज्य सरकारों से करेंगे बात : शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को अपने आवास पर किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रतिनिधियों से कृषि संबधित समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे उनकी समस्याओं का केन्द्र और राज्य दोनों स्तरों पर समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस संबंध में वे राज्यों से बातचीत करेंगे। किसान प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कृषि से संबधित छोटी-छोटी समस्याओं का समय रहते निदान होने पर उत्पादन में 10 से 20 फीसदी तक वृद्धि हो जाती है। किसान संगठनों मिले सुझाव और उनके सामने आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई है। इसके लिए राज्य सरकारों से बात की जाएगी और समस्याओं को हल करने का प्रयास किया जाएगा।

## रक्षा मंत्री ने 'वायु वीर विजेता' कार रैली को किया रवाना

- सात हजार किमी. की दूरी करेगी पूरी
- दुनिया के सबसे ऊंचे वायु सेना स्टेशनों में से एक थोइस में होगा समापन

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से 'वायु वीर विजेता' कार रैली को गर्मजोशी से रवाना किया। इसके साथ ही महिलाओं सहित 50 से अधिक वायु योद्धा लद्दाख के थोइस के लिए रवाना हो गए हैं। यह सभी अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक एक अभियान पर निकलेंगे, जो नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) से होकर कुल सात हजार किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। कार रैली के विभिन्न चरणों में पूर्व वायु सेना प्रमुख भी जगह-जगह शामिल होंगे। इस अवसर पर रक्षा मंत्री सिंह ने कठिन परिस्थितियों में वीरता, समर्पण और देशभक्ति के साथ मातृभूमि की सेवा करने वाले वायु योद्धाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना ने देश और उसके लोगों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। यह देश के दुश्मनों को उनके क्षेत्र में अंदर तक घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। केंद्र सरकार भारतीय वायु सेना को सबसे उन्नत विमानों, प्लेटफॉर्मों से लैस करने और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के माध्यम से उन्हें और अधिक सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि कार रैली के दौरान वायु योद्धा विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं के साथ बातचीत करेंगे।

राजनाथ सिंह ने कठिन और विविध इलाकों से होकर गुजरने वाली इस रैली का हिस्सा बनने वाले वायु योद्धाओं को अपनी शुभकामनाएं दीं। औपचारिक ध्वजारोहण 8 अक्टूबर को थोइस में होगा, जो समुद्र तल से 3,068 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया के सबसे ऊंचे वायु सेना स्टेशनों में से एक है। 29 अक्टूबर को तवांग में रैली के समापन से पहले वायु योद्धा लेह, कारगिल, श्रीनगर, जम्मू, चंडीगढ़, देहरादून, आगरा, लखनऊ, गोरखपुर, दरभंगा, बागडोगरा, हासीमारा, गुवाहाटी, तेजपुर और दिरांग में रुकेंगे। रैली का उद्देश्य लोगों में भारतीय वायु सेना के गौरवशाली इतिहास, विभिन्न युद्धों और बचाव अभियानों में वायु योद्धाओं की वीरता के बारे में जागरुकता बढ़ाना और युवाओं को मातृभूमि की सेवा के लिए आकर्षित करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### भागलपुर में बम विस्फोट की घटना में सात बच्चे घायल, तीन की हालत गंभीर



**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत शाहजांगी मैदान में मंगलवार दोपहर हुई बम विस्फोट की घटना में सात बच्चे घायल हो गए हैं। गंभीर रूप से घायल तीन बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में मोहम्मद इरशाद के दो बेटे मन्नू, गोलू और हारून पिता मो. अब्दुल सत्तार की हालत चिंताजनक है। अन्य घायलों में मो शाकिब, मो. साहिल पिता मो सज्जाद, आरिफ पिता मो आफताब और समर 3 शामिल हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज दूर तक सुनाई दी। धमाके के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घायल मन्नू की मां रुखसार ने कहा कि बम कैसे फटा हमें नहीं पता। आवाज सुनकर हम घर से निकले तो देखा मेरा बच्चा खून से लथपथ था। बहुत तेज धमाका हुआ था। मैं अपने दो बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंची। सभी बच्चे शाहजंगी मैदान में खेल रहे थे। खेलने के क्रम में धमाका हुआ है। उधर घटना की सूचना पर हबीबपुर थानाध्यक्ष पंकज राउत, सिटी एसपी और डीएसपी-2 राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की मामले की छानबीन में लग गए हैं।

### चीन पर भरोसा नहीं भाई, लगातार पांचवीं सर्दी में तैनात रहेगी भारतीय सेना



**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच भरोसे की कमी बनी हुई है। इससे, भारत अपनी सेना को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इस बार की सर्दी में भी तैनात रखने की तैयारी कर रहा है। यह लगातार पांचवीं सर्दी होगी जब सेना एलएसी पर तैनात रहेगी। सैनिकों को पूर्वी लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के दुर्गम इलाकों में तैनात रखा जाएगा। हड्डियां गला देने वाली बर्फीली ठंड में भारतीय जांबाज एलएसी की सुरक्षा के लिए तैनात हैं। हालांकि, तनाव कम करने और हालात सामान्य करने के लिए भारत और चीन के बीच कई दौर की राजनीतिक और कूटनीतिक बातचीत हो चुकी है। इसमें कुछ प्रगति हुई है और मतभेद कम हुए हैं। लेकिन, शीर्ष रक्षा सूत्रों ने बताया है कि जमीनी स्तर पर चीन की सेना (पीएलए) पर भरोसा अभी भी बहुत कम है। चीन 3,488 किलोमीटर लंबी एलएसी पर अपनी सैन्य चौकियां मजबूत कर रहा है और स्थायी किलेबंदी का निर्माण कर रहा है। यह दिखाता है कि पीएलए जल्द ही मई 2020 से पहले वाली जगहों पर लौटने को तैयार नहीं दिख रहा है। सेना सर्दियों की तैनाती की तैयारी में जुटी है। सर्दियों के लिए सेना द्वारा बड़े पैमाने पर सामान जुटाया जा रहा है।

## बुलडोजर केस में सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

## कोई भी धार्मिक इमारत लोगों की जिंदगी में बाधा नहीं बन सकती



एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार, 1 अक्टूबर 2024 को बुलडोजर एक्शन और अतिक्रमण विरोधी अभियान से जुड़े मामलों पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी धार्मिक ढांचे, चाहे वह मंदिर हो या दरगाह, को सड़क, जल निकायों या रेल पटरियों पर अवैध रूप से खड़ा नहीं होने दिया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और कानून सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होता है, भले ही वे किसी भी धर्म के हों।

**सुनवाई में क्या हुआ** : सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने यूपी सरकार का पक्ष रखा, साथ ही मध्य प्रदेश और राजस्थान की तरफ से भी पेश हुए। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि नोटिस भेजने की प्रक्रिया को रजिस्टर्ड डाक से किया जाए और अवैध निर्माण हटाने के लिए 10 दिन का समय दिया जाए। उन्होंने कहा, यह छवि बनाई जा रही है कि एक समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन अवैध निर्माण किसी का हो, कार्रवाई होनी चाहिए।

**सुप्रीम कोर्ट का बयान** : जस्टिस गवई ने इस पर कहा, हम एक धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था में हैं। अवैध निर्माण चाहे किसी भी समुदाय का हो, उसे हटाया जाना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर एक ही इलाके में दो अवैध ढांचे हैं और उनमें से सिर्फ एक पर कार्रवाई की जाती है, तो सवाल उठना स्वाभाविक है। जस्टिस गवई ने यह भी स्पष्ट किया कि अपराध का आरोपी होना मकान गिराने का आधार नहीं हो सकता और इसे बुलडोजर जस्टिस नहीं कहा जा सकता।

**10 दिन की मोहलत पर विवाद** : नोटिस देने के लिए 10 दिन का समय देने के प्रस्ताव पर सॉलिसीटर जनरल मेहता ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि अगर नोटिस दीवार पर चिपकाया जाता है, तो गवाह भी गढ़े जा सकते हैं। जस्टिस गवई ने इस पर कहा कि अगर 10 दिन का समय दिया जाएगा, तो लोग कोर्ट में अपील कर सकेंगे। हालांकि, मेहता ने तर्क दिया कि यह स्थानीय म्युनिसिपल नियमों में हस्तक्षेप होगा और अवैध निर्माण हटाने की प्रक्रिया को कठिन बना देगा।

**वैकल्पिक व्यवस्था पर चर्चा**: जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि अगर किसी जगह पर रहने वाले परिवार को बेघर किया जाता है, तो उन्हें वैकल्पिक इंतज़ाम करने के लिए कम से कम 15 दिन का समय मिलना चाहिए। इस पर मेहता ने कहा कि कोर्ट को ऐसा कोई समाधान नहीं देना चाहिए जो कानून में नहीं है। जस्टिस गवई ने इस पर जवाब दिया कि कोर्ट वही समाधान देना चाहता है, जो पहले से कानून में मौजूद है।

## कोलकाता रेप-मर्डर मामला : पीड़ित को न्याय व अन्य मांगों को लेकर जूनियर डॉक्टर्स फिर हड़ताल पर

एजेंसी। कोलकाता




पश्चिम बंगाल में जूनियर डॉक्टरों ने फिर हड़ताल कर दी उन्होंने कामकाज पूरी तरह से ठप कर दिया है। यह प्रदर्शन कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले के खिलाफ किया जा रहा है। डॉक्टरों ने बंगाल की ममता सरकार पर दबाव डालने का फैसला लिया है, जिसमें उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य ढांचे में सुधार की मांगें शामिल हैं। जूनियर डॉक्टरों ने बैठक के बाद यह फैसला लिया। बैठक में अस्पतालों की सुरक्षा को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और मरीजों के रिश्तेदारों द्वारा अस्पतालों में मारपीट और धमकी देने जैसे मामलों पर चर्चा की गई। डॉक्टरों की दस मांगें हैं और उनका कहा है कि जब तक उन्हें सुरक्षा और मरीजों की सेवाओं में सुधार के लिए स्पष्ट कार्रवाई नहीं मिलती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट ने कहा कि हम हड़ताल पर लौटने के लिए बाध्य हैं। जब तक सरकार हमारी मांगों का समाधान नहीं करती, हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने सीबीआई जांच की धीमी गति पर भी चिंता जताई और कहा कि इससे असली अपराधियों को सजा नहीं मिल रही है। डॉक्टरों ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से इस जघन्य घटना की सुनवाई में तेजी लाने के लिए की गई पहल की सराहना की, लेकिन उन्होंने निराशा व्यक्त की कि कोर्ट ने केवल सुनवाई को स्थगित कर दिया है। डॉक्टरों ने कहा कि हमने सीएम ममता बनर्जी और मुख्य सचिव से अपनी मांगों के संबंध में चर्चा की है, लेकिन सरकार ने हमारे पत्रों का जवाब नहीं दिया। वे इस बात से भी नाराज हैं कि राज्य सरकार ने उनकी बैठक का आयोजन नहीं किया, जिसमें जूनियर डॉक्टरों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व होता। इस हड़ताल से अस्पतालों में चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं, जिससे मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

### अस्पताल में भर्ती हुए सुपरस्टार रजनीकांत

**चेन्नई।** हिंदी और साउथ सिनेमा के मशहूर अभिनेता रजनीकांत (73) को सोमवार देर रात तेज पेट दर्द की शिकायत के बाद चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, उनकी हालत फिलहाल स्थिर है। डॉक्टरों की निगरानी में रजनीकांत को आज एक विशेष प्रक्रिया से गुजरने की संभावना है। हालांकि, उनके परिवार या अस्पताल की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। रजनीकांत को चेन्नई के अपोलो ग्रीम्स रोड अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी पत्नी लता ने मीडिया को जानकारी दी कि घबराने की कोई बात नहीं है और स्थिति नियंत्रण में है। रजनीकांत की सेहत बीते कुछ वर्षों में कई बार बिगड़ी है। 2016 में उन्हें किडनी ट्रांसप्लांट के लिए अमेरिका भी जाना पड़ा था।

## उपराष्ट्रपति ने राजश्री बिड़ला को लाल बहादुर शास्त्री पुरस्कार प्रदान किया

एजेंसी। नई दिल्ली



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में आदित्य बिड़ला सामुदायिक पहल और ग्रामीण विकास केंद्र की अध्यक्ष राजश्री बिड़ला को 25वां लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार, 2024 प्रदान किया। उपराष्ट्रपति ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि राजश्री बिड़ला पिछले तीन दशकों से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के विभिन्न रूपों में मानवता की सेवा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का नाम सुनते ही देशभक्ति की याद आ जाती है। शास्त्री जी जनसेवा की परिभाषा देते हैं। वे आत्म-बलिदान के प्रतीक थे। शास्त्री जी ने आचरण और व्यवहार की मिसाल कायम की, उपदेशों की नहीं। कुछ ऐसे व्यक्तित्व होते हैं, जिन्हें किसी इवेंट मैनेजमेंट या सिस्टमेटिक एक्टिंग की जरूरत नहीं होती। वे हमारी यादों में बसे रहते हैं। वे हमारा मार्गदर्शन करते हैं, हमें प्रेरित करते हैं। जब हम भुखमरी के संकट से जूझ रहे थे, तब पूरा देश उनके साथ खड़ा था। वे पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने आह्वान करके लोगों की भागीदारी को बढ़ावा दिया। उनका आह्वान महज आह्वान नहीं था, बल्कि तत्कालीन परिदृश्य से उपजा था, अकल्पनीय आयाम का खतरा था। कल्पना कीजिए कि उन्होंने किस परिदृश्य में कार्यभार संभाला होगा। वे अकेले ऐसे व्यक्ति थे, जो इसे संभाल सकते थे! उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम इवेंट मैनेजमेंट के ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां व्यक्ति को ऐसे मापदंडों के आधार पर सम्मानित किया जाता है, जो हैरान करने वाले होते हैं। सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को उस स्तर तक ऊपर पहुंचा दिया जाता है, जिसे पचा पाना मुश्किल होता है। लेकिन हाल के वर्षों में एक प्रतिमान बदलाव हुआ है।

## वैश्विक कोविड लॉकडाउन के दौरान चंद्रमा की सतह में तापमान गिरा



**बेंगलुरु।** भारतीय शोधकर्ताओं ने पाया है कि 2020 के वैश्विक कोविड लॉकडाउन का चंद्रमा तक गहरा प्रभाव पड़ा था। एक स्टडी से पता चला है कि अप्रैल-मई 2020 के सबसे सख्त लॉकडाउन के दौरान चंद्रमा की सतह के तापमान में असामान्य गिरावट दिखी गई थी। फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी (पीआरएल) के के दुर्गा प्रसाद और जी अंबिली ने 2017 और 2023 के बीच चंद्रमा के निकटवर्ती भाग पर छह विभिन्न स्थानों-ओशनस प्रोसेलारम के दो स्थान, मेरे सेरेनिटैटिस, मेयर इम्ब्रियम, मेयर ट्रैंक्विलिटैटिस और मेरे क्रिसियम पर रात्रि के समय सतह के तापमान का विश्लेषण किया। पीआरएल के निदेशक अनिल भारद्वाज ने कहा कि यह हमारे समूह का एक महत्वपूर्ण कार्य है। यह काफी अद्वितीय है।

**कैसे किया ये शोध** : नासा के चंद्रयान के आंकड़ों का उपयोग कर शोधकर्ताओं ने पाया कि लॉकडाउन के महीनों में चंद्रमा के तापमान में अन्य वर्षों की तुलना में लगातार 8-10 डिग्री कम (8-10 केल्विन) हो गया था। शोधकर्ता प्रसाद ने बताया कि हमने वास्तव में 12 सालों का डेटा विश्लेषण किया था, लेकिन अध्ययन में समानता बनाए रखने के लिए हमने सात सालों (2017 से 2023) का डेटा प्रयोग किया, लॉकडाउन वाले साल 2020 से पहले के तीन साल और उसके बाद के तीन साल।

शोधकर्ताओं का मानना है कि लॉकडाउन के दौरान पृथ्वी से निकलने वाली विकिरण में कमी के कारण चंद्रमा के तापमान में गिरावट आई। चूंकि मानवीय गतिविधियों में काफी कमी आई थी, ग्रीनहाउस गैसों और वायुमंडलीय कणों का उत्सर्जन भी कम हो गया, इस कारण पृथ्वी के वायुमंडल में कम गर्मी फैली और वापस निकली।

**तापमान में काफी बदलाव** : शोधकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों और वर्षों में तापमान में काफी बदलाव भी देखा। सबसे कम कुल तापमान 2020 में साइट-2 पर 96.2 केल्विन था, जबकि सबसे कम तापमानों में सबसे अधिक 2022 में साइट-1 पर 143.8 केल्विन था। आमतौर पर, 2020 में अधिकांश स्थानों पर सबसे ठंडा तापमान देखा गया, जबकि 2021 और 2022 में जब पृथ्वी पर मानवीय गतिविधियां फिर से शुरू हुईं, तब एक उल्लेखनीय तापमान बढ़ने का रुझान दिखाई दिया। शोधकर्ता प्रसाद ने समझाया कि चंद्रमा पृथ्वी के विकिरण के चिन्ह का एक प्रवर्धक के रूप में कार्य करता है। इस अनूठी वैश्विक घटना ने हमें यह देखने का एक दुर्लभ मौका प्रदान किया कि पृथ्वी पर मानवीय गतिविधियों में बदलाव हमारे निकटतम खगोलीय पड़ोसी को कैसे प्रभावित कर सकता है।

### पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को हाई कोर्ट में चुनौती, 3 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** लद्दाख से दिल्ली आ रहे पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को दिल्ली की सीमा पर हिरासत में लिए जाने का मामला अब दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया है। मंगलवार को एक वकील ने चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए सोनम वांगचुक को रिहा करने का आदेश देने की मांग की। कोर्ट ने इस याचिका पर 3 अक्टूबर को सुनवाई करने का आदेश दिया। दरअसल, लेह से 120 लोगों के साथ पदयात्रा कर वांगचुक दिल्ली में महात्मा गांधी की समाधि पर प्रदर्शन के लिए राजघाट आ रहे थे लेकिन दिल्ली में छह दिन के लिए भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 (निषेधाज्ञा) लागू थी। इसके तहत किसी भी विरोध प्रदर्शन की इजाजत नहीं होती है। इसके मद्देनजर सोनम वांगचुक के काफिले को 30 सितंबर को दिल्ली के सिंघू बार्डर पर रोक लिया गया और उन्हें हिरासत में ले लिया गया था। सोनम वांगचुक की हिरासत पर राजनीतिक बवाल मच गया है। विपक्षी दलों ने वांगचुक को हिरासत में लेने की कार्रवाई का विरोध किया है।

### जलवायु कार्यकर्ता को हिरासत में लेने पर भड़के केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल मंगलवार को सुबह सुबह आग बबूला हो गए। उनकी नाराजगी का कारण जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को हिरासत में लेना था। उन्होंने कहा कि देश में ये कौन सा तमाशा चल रहा है, कभी किसानों को दिल्ली आने से रोका जाता है तो कभी लद्दाख के लोगों को। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने सवाल करते हुए कहा कि क्या दिल्ली किसी एक शख्स की बपौती है?लद्दाख को छठी अनुसूची का दर्जा देने की मांग को लेकर पैदल दिल्ली की सीमा तक आए जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को दिल्ली पुलिस ने सोमवार रात हिरासत में ले लिया। सिंघु बॉर्डर पर वांगचुक समेत करीब 120 लोगों को हिरासत में लिया गया। दिल्ली पुलिस सूत्रों के अनुसार हिरासत में लिए गए लोगों को अलीपुर और शहर की सीमा से लगे अन्य पुलिस थानों में ले जाया गया। दिल्ली के कई इलाकों में छह दिन के लिए बीएनएस की धारा 163 लागू है। हिरासत में लिए जाने की सूचना देते हुए सोनम वांगचुक के एक पोस्ट को शेयर करते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गलत है।

# नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में एक कमजोर पीएम हैं, खत्म हो जाएगी नीतीश की पार्टी: प्रशांत किशोर

## बिहार में बीजेपी का कोई भविष्य नहीं



**पटना,एजेंसी।** राजनीतिक सलाहकार और जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर 2 अक्टूबर को राजनीतिक पार्टी लॉन्च कर रहे हैं। इससे पहले वो लगातार कई तरह के दावे कर रहे हैं। वो जेडीयू, आरजेडी समेत बीजेपी पर हमलावर हैं।

सोमवार को न्यूज एजेंसी एएनआईको दिए इंटरव्यू में प्रशांत किशोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में एक कमजोर पीएम हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की ताकत और लोकप्रियता गिरी है।

प्रशांत किशोर बोले कि मैंने चुनाव से पहले ही कहा था, वो जितनी भी सीटें ले आएं, अपने तीसरे कार्यकाल में वो कमजोर साबित होंगे, क्योंकि 10 साल में लोगों ने उनके काम देखे हैं। पीके ने वहीं एक बार फिर से बिहार के सीएम नीतीश कुमार और उनकी पार्टी पर निशाना साधा है। पीके ने कहा है कि जब जेडीयू दल ही नहीं रहेगा तब जेडीयू का उत्तराधिकारी कौन होगा मैं नीतीश कुमार के दल में रहा हूं उनके साथ मैंने काम भी किया है।

उस दल की पूरी पूंजी नीतीश कुमार हैं जब वही खत्म हो गई हो तो ब्याज से कैसे चलेगा उस दल का कोई भविष्य नहीं है। बिहार में अधिकारियों का जंगलराज है। नीतीश कुमार ने पिछले कुछ सालों में पूरी व्यवस्था अपने 2-4 सलाहकारों के हाथ में कर दी है। बिहार को नीतीश कुमार ने अधिकारियों के हवाले कर दिया है। नीतीश कुमार ने पिछले 4 महीने में कोई बयान तक नहीं दिया। उनके चार सलाहकार उन्हें घेर कर ले जाते हैं और लेकर चले आते हैं। पब्लिक डोमेन में कोई बयान तक नहीं आता।

### शराबबंदी, जमीन सर्वे और स्मार्ट मीटर

पीके ने कहा कि बिहार में शराबबंदी, स्मार्ट मीटर और फिर जमीन सर्वे। ये तीन स नीतीश सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होंगे। शराबबंदी के बाद 20 हजार करोड़ का नुकसान हो रहा है। जबकि सच्चाई है कि शराब की होम डिलीवरी हो रही है। स्मार्ट मीटर से गांव के लोग परेशान हैं। वहीं लोगों से जबरन जमीन सर्वे कराने को कहा जा रहा है। इन मसलों पर किसी से राय नहीं ली गई।

### बिहार में बीजेपी का कोई चेहरा नहीं

जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर ने कहा कि आने वाले 2-2.5 साल में जो 9 राज्यों के चुनाव हैं उसके परिणाम अगर भाजपा के खिलाफ हुए तो निश्चित तौर पर सरकार(केंद्र) की स्थिरता को लेकर सवाल उठेंगे, अगर इन राज्यों में भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया तो उनकी सरकार बनी रहेगी।

बिहार में भाजपा का न कोई प्रयास है, न चेहरा है। उन लोगों ने अपना नेतृत्व नीतीश कुमार के हवाले छोड़ दिया है जबकि भाजपा का अपना कार्यकर्ता मान रहा है कि नीतीश कुमार के नाम पर चुनाव लड़कर जीत नहीं सकते। भाजपा की मजबूरी है कि वे नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटा नहीं सकते क्योंकि उन्हें केंद्र सरकार चलानी है और उन्हें यह भी पता है कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री रहते वे बिहार में चुनाव जीत नहीं सकते।

### सीएम का बेटा होने के बाद भी तेजस्वी 9वीं पास नहीं कर पाए

तेजस्वी यादव के हमलों पर प्रशांत किशोर कहते हैं, उन्होंने क्या विश्वसनीयता स्थापित की है, जो मैं सवाल उठाने की कोशिश कर रहा हूं मैंने कहा था कि उनकी (तेजस्वी यादव) की इसके अलावा कोई पहचान नहीं है। लालू यादव का बेटा होने के नाते मैंने कहा कि वह 9वीं फेल है। यह सच है, बहुत से लोग कहते हैं कि कम पढ़े-लिखे लोग भी बुद्धिमान होते हैं, लेकिन अगर आप पढ़े-लिखे नहीं हैं तो बताएं समाज में आपका क्या योगदान है।

पीके ने कहा कि क्षमता का शिक्षा से कोई सीधा संबंध नहीं है, लेकिन अगर आप एक मुख्यमंत्री के बेटे होने के बावजूद 9वीं कक्षा पास नहीं कर पाते हैं, तो यह शिक्षा के प्रति आपकी मानसिकता को दर्शाता है जो यह सोचता है कि उसे पढ़ने की जरूरत नहीं है, वह राज्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए क्या करेगा।

### राहुल को नेता बनने के लिए लंबा रास्ता तय करना है

राहुल गांधी पर प्रशांत किशोर कहते हैं, कांग्रेस की स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ है। राहुल गांधी ने पिछले 1.5-2 सालों में प्रयास किए हैं और उन्हें इसका फायदा भी मिला है। कांग्रेस में उनका नेतृत्व पूरी तरह से स्थापित हो चुका है, लेकिन अब वह देश के नहीं, बल्कि कांग्रेस के नेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं। उनकी दादी इंदिरा गांधी को 1977 में अपने जीवन की सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। मुझे लगता है कि कांग्रेस ने उस समय 154 सीटें जीती थीं। इसे राहुल गांधी के जीवन की सबसे बड़ी जीत करार दिया जा रहा है और कांग्रेस ने 99 सीटें जीती हैं, तो यह दर्शाता है कि राहुल गांधी को अभी भी नेता बनने के लिए एक लंबा रास्ता तय करना है राष्ट्र।

### बिहार को सुधारने का संकल्प

जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर ने कहा, मेरा प्रयास 2025 से नहीं जुड़ा है। अभी दल बन रहा है। फरवरी मार्च के महीने में दल का एजेंडा, बिहार के विकास का ब्लू प्रिंट और विजन डॉक्यूमेंट जारी होगा। 2025 के अक्टूबर में चुनाव होगा। ये एक महत्वपूर्ण पड़ाव हैं लेकिन यहां पहुंचना सपना नहीं है। सपना है कि एक ऐसा बिहार बने जहां हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात और अन्य राज्यों से लोग आकर रोजगार करें। उतना उन्नत उतना विकसित बिहार बने वो सपना है और उसके लिए प्रयास जारी है।

जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर ने कहा, मेरा जो बिहार को सुधारने का संकल्प है वो जन सुराज के चुनावी सफलता और विफलता से नहीं जुड़ा है। अगर जन सुराज को चुनावी सफलता मिल भी जाए उससे बिहार सुधर जाएगा ये जरूरी नहीं है। चुनाव जीतना कठिन है लेकिन अच्छे लोगों के साथ चुनाव जीतना ज्यादा कठिन है। मेरी भूमिका है कि जन सुराज ऐसी व्यवस्था बने जो अच्छे लोगों की सही लोगों की व्यवस्था हो। जो जीतकर आए तो सिर्फ विधायक और सांसद बनाने वाली मशीन ना बने, बिहार के लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने वाली व्यवस्था बने।

### 1 करोड़ से ज्यादा लोग जन सुराज की नींव रखेंगे

जनसुराज अभियान के शुरुआत में ही कहा गया था कि बिहार में पिछले 20-25 सालों से विकल्प के अभाव में लोग भाजपा के डर में लालू और लालू के डर से भाजपा को देते रहे हैं, इसके लिए जरूरी है कि बिहार के लोग मिलकर एक बेहतरीन विकल्प बनाएं। 2 अक्टूबर को 1 करोड़ से ज्यादा लोग मिलकर इस दल की नींव रख रहे हैं। 2 तारीख को दल के नाम, संविधान, प्रावधान और नेतृत्व की औपचारिक घोषणा होगी। दल का नेता उसे बनाया जाएगा जिसे समाज ने चुना है। हमारी भूमिका इससे जुड़ी है कि सबसे बड़ी चुनौती क्या है। सबसे बड़ी चुनौती है समाज को बताना, समझाना कि आपने अनाज, मंदिर-मस्जिद के लिए वोट दिया, मोदी, लालू, नीतीश के लिए वोट दिया, अभी तक आपने अपने बच्चों के पढ़ाई और रोजगार के लिए वोट नहीं दिया। उन्हें यह समझाना कि आप अपने बच्चों के लिए वोट दें चाहे किसी को भी दें। यह यात्रा तब तक चलती रहेगी जब तक बिहार के लोग इसे समझ न जाए, इस परिकिल्पना से जुड़ न जाएं। मैं जो काम पिछले 2 सालों से कर रहा हूं, वही काम आगे करूंगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मनियारी में विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** मनियारी थाना क्षेत्र के जमहरुआ गांव में प्रभात रंजन की पत्नी मिंकी कुमारी (26) की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। मामले को लेकर मिंकी के पिता मोतीपुर सेंदुआरी गंज सिंह निवासी मिश्रीलाल ठाकुर ने थाना में आवेदन दिया है, जिसमें दामाद प्रभात रंजन, सास उमा देवी, ससुर संजय ठाकुर, देवर सुभाष रंजन, ननद अनु कुमारी एवं प्रीति कुमारी को नामजद किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि पुत्री की शादी 26 अप्रैल 2023 को संजय ठाकुर के पुत्र प्रभात रंजन से कराई थी। शादी के दो महीने बाद बोलेरो की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। सूचना पर ग्रामीणों के संग बेटी की सुसराल गए। वहां समझा-बुझा कर मामले को शांत कराने की कोशिश की गई, लेकिन वे लोग मानने को तैयार नहीं हुए। सोमवार सुबह करीब छह बजे सूचना मिली मिंकी कुमारी ने गले में फंदा लगा लिया है। थानाध्यक्ष देवव्रत कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### एमयू कुलपति से मिले पीएचडी के छात्र

**गया,एजेंसी।** प्री-पीएचडी 2021 का लिखित परीक्षा पास करने वाले छात्र जिनका कोर्स वर्क में नामांकन से अबतक नहीं हो सका है। सोमवार को कुलपति प्रो. एसपी शाही से मुलाकात कर नामांकन के लिए गुहार लगाया है। कुलपति ने छात्रों को आश्वासन दिया है कि जल्द छात्रों की सूची जारी की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में राजेश कुमार, मिथिलेश कुमार, अजीत कुमार सिंह, चंद्रकांत कुमार, सौरभ कुमार व अन्य शामिल रहे।

### डीसीएलआर ने की समीक्षा बैठक

**हाजीपुर,एजेंसी।** महनार डीसीएलआर कार्यालय में बैठक कर डीसीएलआर ने राजस्व विभाग से संबंधित मामलों की समीक्षा की। महनार अनुमंडल क्षेत्र के तीनों प्रखंडों के सीओ, अंचल निरीक्षक आदि के साथ अनुमंडल कार्यालय परिसर में स्थित डीसीएलआर कार्यालय में बैठक कर डीसीएलआर मेघा कश्यप ने अधिकारियों के साथ दाखिल खारिज, परिमार्जन, जमीन के खाता को आधार से लिंक करने पर एवं अभियान बसेरा दो के प्रगति की समीक्षा किया। इस दौरान डीसीएलआर ने अधिकारियों से कहा कि दाखिल खारिज के मामलों का त्वरित्य निष्पादन किया जाए। साथ ही परिमार्जन का भी जो मामला है। उसे सभी पर गंभीरता से कार्य किया जाए।

## 1000 रुपये में राशन कार्ड बनाने का फर्जीवाड़ा, अहियापुर में एफआईआर

**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** फर्जी ढंग से जिले में राशन कार्ड बनाने का गोरखधंधा चल रहा है। 1000 रुपये लेकर जिले में किसी भी प्रखंड का राशन कार्ड बना दिया जा रहा है। ऐसी ही एक शिकायत मिलने पर कांटी आपूर्ति निरीक्षक कुमार दीपक ने फर्जीवाड़े में शामिल शातिर का स्टिंग ऑपरेशन किया। उससे राशन कार्ड बनवाने के लिए कुमार दीपक मिले और उसकी ऑडियो व वीडियो रिकॉर्डिंग की। जिसके आधार पर अहियापुर थाने में राशन कार्ड बनाने के फर्जीवाड़ा से जुड़े मुस्ताफापुर गांव के मुन्ना कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। कुमार दीपक ने पुलिस को बताया है कि सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी कमलेश कुमार को फेसबुक पर मुस्ताफापुर का मुन्ना कुमार ने किसी भी प्रखंड में 1000 रुपये में राशन कार्ड बनाने का दावा करते हुए अपना प्रचार डाला था। उसने अपना मोबाइल नंबर भी दिया था। सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने इसका स्क्रीन शॉट भेजा और उक्त मोबाइल नंबर पर संपर्क कर हकीकत जानने का निर्देश दिया। इसके बाद उपभोक्ता बनकर राशन कार्ड बनवाने के लिए कॉल किया गया। उसने कार्ड बनाने या कार्ड में नाम जोड़ने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद प्रखंड आपूर्ति निरीक्षक मुस्ताफापुर में उसकी पूजा स्टेशनरी एवं जनरल स्टोर पर पहुंचे। यहां भी उन्होंने मोबाइल को रिकॉर्डिंग मोड में डालकर उससे बात की। इसके बाद उन्होंने अहियापुर पुलिस को मामले की सूचना दी और थाना में उसके खिलाफ राशन कार्ड फर्जीवाड़े को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है।

## युवक ने ऑनलाइन गेम की लत में किया सुसाइड 7 लाख रुपए गेम में हारा, 3 लाख का था कर्ज



**नालंदा ,एजेंसी।** नालंदा में रविवार को एक युवक ने ऑनलाइन जुआ और ब्राउन शुगर की लत में सुसाइड कर लिया। युवक पर 3 लाख रुपए का कर्ज था। 7 लाख रुपए वो ऑनलाइन जुआ में हार चुका था। इसी टेंशन और गेम की लत में उसने आत्महत्या कर ली। इस मामले में परिजन का कहना है कि अगर शराबबंदी नहीं होती तो उसे ब्राउन शुगर की लत नहीं लगती। परिजनों ने थाने में इसकी जानकारी नहीं दी है। मृतक की पहचान स्वर्ण व्यवसायी संतोष कुमार के बेटे गौरव कुमार(25) के रूप में की गई है।5 साल पहले गौरव ने पटना की लड़की से लव मैरिज की थी। इसे लेकर वो दिल्ली चला गया था। वहां, 3.5 साल तक पत्नी के साथ रहा। इसके बाद 1.5 साल पहले वो घर नालंदा लौटा। वहीं, पत्नी पटना में रहने लगी। स्थानीयों का कहना है कि गौरव के परिजन लड़की को पसंद नहीं करते थे, इसी वजह से वो पटना में रह रही थी।

**दादा ने दुकान खोलने के लिए दी थी 6 लाख की पूंजी :** गौरव के दादा देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि दिल्ली से जब वो वापस नालंदा आया तो काम ढूंढने लगा। हमें इसकी जानकारी मिली तो हमने उसकी मदद की। उसे 6 लाख रुपए की पूंजी देकर लालगंज चण्डी के पास गणेश ज्वेलर्स नाम से शॉप खुलवाया। इसमें वो अपने पिता के साथ हर दिन जाया करता था। 1 साल तक सब कुछ ठीक रहा। अचानक उसकी दोस्ती गलत लोगों के साथ हो गई। इसकी वजह से वो ऑनलाइन जुआ खेलना सीख गया। इस कारण धीरे-धीरे वो शॉप बहुत कम जाने लगा। 3 महीने पहले उसे जुआ के साथ-साथ ब्राउन शुगर की भी लत लग गई। इसकी वजह से अक्सर वो अपने कमरे में बंद रहने लगा था। हमलोग शॉप जाने का कहते तो लड़ने लगता था। वो हर समय अपने मोबाइल में ऑनलाइन जुआ और ब्राउन शुगर लेने लगा था। जुआ में अब तक वो 7 लाख रुपए हार चुका था। करीब 3 लाख का उस पर कर्ज था। इसी सब की वजह से उसने अपना जीवन बर्बाद कर दिया।

**शराबबंदी के कारण ब्राउन शुगर का बढ़ा कारोबार :** गौरव के पिता संतोष कुमार ने बताया कि जब से शराबबंदी हुई है, तब से ब्राउन शुगर समेत अन्य नशे का कारोबार बढ़ गया है। 3 महीने पहले गौरव ने ब्राउन शुगर का सेवन करना शुरू किया था। जब भी वह नशे की हालत में घर आता था, तो उसका एक अलग ही रूप देखने को मिलता था। नशे की हालत में झगड़ा करना उसका हर दिन का काम हो गया था।

**पत्नी नहीं रहती थी साथ :** लव मैरिज शादी करने के बाद गौरव अपनी पत्नी को लेकर कभी घर नहीं आया था। हालांकि, इस बात की चर्चा है कि घर वाले गौरव की पत्नी को रखना नहीं चाह रहे थे। यही वजह थी कि गौरव जब दिल्ली से वापस आया था तो अक्सर वो अपनी पत्नी से फोन पर ही बात करता था। कभी-कभी पटना मिलने आ जाया करता था।

### थाना से 100 मीटर दूर लगता है नशेड़ियों का जमावड़ा

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि थाना से 100 मीटर की दूरी पर खेल परिसर है। वहां पर बने सीढ़ियों के नीचे नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। हाल के दिनों में चण्डी क्षेत्र में ब्राउन शुगर और सुलेशन सूंघने वालों की संख्या बढ़ी है।

### क्या बोले थाना अध्यक्ष

चण्डी थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि अभी तक परिजनों ने आवेदन नहीं दिया है। प्रथम दृष्ट्या जांच में यह बात सामने आई है कि युवक ने लव मैरिज शादी की थी। वह अपनी पत्नी के साथ नहीं रह रहा था। जहां तक खेल मैदान के अंदर नशीले पदार्थों के रैपर मिलने का मामला है, तो उन्हें इस बात का पता नहीं है। पुलिस लगातार नशा के खिलाफ अभियान चला रही है। आवेदन मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## चिराग बोले, पप्पू यादव ने दल से उठकर राजनीत की:दिवंगत पिता को दी श्रद्धांजलि



**पूर्णिया,एजेंसी।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के पिता का 17 सितंबर को निधन हो गया था। शहर के रंगभूमि मैदान में 29 सितंबर को प्रार्थना सभा हुआ था। इसमें झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन समेत कई बड़े राजनीतिक चेहरे शरीक हुए। वहीं, सोमवार को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान सांसद पप्पू यादव से मिलने पूर्णिया पहुंचे। सांसद पप्पू यादव से गले मिलकर उन्हें सांत्वना दी। सांसद के पिता को श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और सांसद पप्पू यादव के बीच करीब 45 मिनट तक बातचीत हुई। इस दौरान पप्पू यादव ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से पिता से जुड़ी बचपन की यादें साझा की। सांसद से मुलाकात के बाद चिराग पासवान ने कहा कि जिस तरीके से सांसद पप्पू यादव के यह दुखद घटना घटी। इससे मैं बेहद मर्माहत हूं। पप्पू यादव के साथ मेरे पुराने और पारिवारिक संबंध रहे हैं। पप्पू यादव ऐसे नेताओं में रहे हैं, जिन्होंने हमेशा से दलगत राजनीत से ऊपर उठकर राजनीति की।

**पप्पू यादव ने हमेशा से व्यक्तिगत रिश्तों को निभाया :** चिराग ने कहा कि पप्पू यादव ने हमेशा से व्यक्तिगत रिश्तों को निभाने का काम किया है। मैं उनकी भावना को बेहतर समझ सकता हूं। पिता का साया जब सिर से उठता है, तो हमेशा के लिए खालीपन रह जाता है। ऐसे में आज पूर्णिया आना और गले मिलना न सिर्फ उस अहसास का आदान-प्रदान है। बल्कि गले मिलकर दोनों ने एक दूसरे के दूखों को बांटा है। मुझे कल ही आना था, लेकिन थोड़ी सी कंफ्यूजन के कारण मैं नहीं आ सका। आज लंबी दूरी तय कर में पटना से पूर्णिया आया हूं। यहां मैं अपनों के बीच अपनों का दुख बांटने आया हूं। बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट को लेकर उन्होंने कहा कि हमेशा से फूड प्रोसेसिंग का जिक्र किया है। अक्सर ऐसे मुद्दे उठाते रहे। उसी की का नतीजा रहा कि मुझे इसी से संबंधित विभाग का कार्य करने के लिए दिया गया है। सीमांचल ही नहीं पूरे बिहार के लिए कोई ऐसी बड़ी योजनाएं हैं जिन्हें जल्द धरातल पर उतरते देखा जा सकेगा।

### एआईएसएफ के सम्मेलन में कमेटी का हुआ चुनाव

**हाजीपुर,एजेंसी।** प्रखंड के चांद सराय गांव स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में एआईएसएफ के अंचल परिषद के छात्र सेमिनार सह सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता दर्शन कुमार व संचालन कमेटी के सचिव विकास कुशवाहा ने किया। सम्मेलन के प्रारंभ में शहीद-ए-आज़म वीर भगत सिंह के जयंती पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर वक्ताओं ने संगठन का गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि एआईएसएफ भारत का पहला छात्र संगठन है। जिस आजादी के आंदोलन में भाग लेने का गौरव प्राप्त है। सम्मेलन के प्रतिनिधि सत्र में सर्वसम्मति से विद्यानंद कुशवाहा को सचिव दर्शन कुमार को अध्यक्ष निशा कुमारी एवं शिशु कुमारी को उपाध्यक्ष सोनाली कुमारी एवं सूरज कुमार को संयुक्त सचिव एवं भरत कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर एआईएसएफ के राज्य उपाध्यक्ष मोहित पासवान, जिलाध्यक्ष प्रकाश कुमार, उत्तम ठाकुर, प्रो अमीय कुमार सिंह, आनंद कुमार चौधरी, प्रमोद कुमार चौधरी, राजकिशोर कुमार आदि उपस्थित थे।

### कट्टा लेकर स्कूल पहुंच गया 9वीं का छात्र, पकड़े जाने पर पुलिस को चमका देकर फरार, अब हो रही तलाश



**गया,एजेंसी।** गया जिले के शेरघाटी के चेरकीडीह हाई स्कूल में सोमवार को नौवीं कक्षा का एक छात्र स्कूल में देसी कट्टा लेकर पहुंच गया। इस दौरान छात्र से कट्टा छीनकर क्लास के दूसरे बच्चों और स्थानीय लोगों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। हालांकि छात्र पुलिस व ग्रामीणों को चकमा देकर भागने में सफल रहा। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शेरघाटी के थानेदार अजीत कुमार ने बताया कि चेरकीडीह हाईस्कूल में नौवी कक्षा के एक छात्र के पास से देसी कट्टा मिलने की जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने हथियार और आवेदन पुलिस को दिया है। पुलिस के पहुंचने के पूर्व बच्चा वहां से भाग गया था। विद्यालय के वर्ग शिक्षक प्रभाकर कुमार ने बताया कि जब वह बच्चों को क्लासरूम में पढ़ा रहे थे, उसी समय गांव के कुछ लड़के हल्ला करते हुए क्लास रूम में घुस गए और बच्चे को उसके बैग के साथ लेकर बाहर चले गए। बाद में स्कूल के बाहर बताया गया कि बच्चे के बैग में कट्टा रखा था। ग्रामीणों ने खुद पुलिस को फोन कर बताया और उसे उनके हवाले कर दिया। विद्यालय के हेडमास्टर ट्रेनिंग के लिए पटना गए हुए थे। इधर शेरघाटी के बीआरपी अभय कुमार ने बताया कि चेरकीडीह हाइ स्कूल में ही सीआरसी केंद्र भी है। वहां छात्रों की परीक्षा का मूल्यांकन चल रहा था। जब वह विद्यालय पहुंचे तो ग्रामीणों की भीड़ जुटी थी और पुलिस भी मौजूद थी। यह पता नहीं चला कि बच्चे के बैग से देसी कट्टा क्लास रूम के भीतर या स्कूल के बाहर मिला। बता दें कि बिहार में पिछले दो महीने के भीतर छोटे बच्चे द्वारा स्कूल में हथियार लेकर आने की यह दूसरी घटना है। इससे पूर्व गत 31 जुलाई को सुपौल के त्रिवेणीगंज के एक स्कूल में छह साल के बच्चे के पास मौजूद पिस्तौल से गोली चलने के कारण तीसरी कक्षा का एक छात्र घायल हो गया था।

## गया में 8 देशों से पहुंचा विदेशी पिंडदानियों का समूह, बेदियों पर पिंड चढ़ाकर की पूर्वजों की मुक्ति की प्रार्थना

### वाराणसी होते पहुंचे अलग-अलग देशों के 12 तीर्थयात्री

**गया,एजेंसी।** पितरों के महाकुंभ में पूर्वजों का पिंडदान करने के लिए 8 देशों से विदेशी पिंडदानियों का एक समूह सोमवार की सुबह श्री विष्णुपद स्थित देवघाट के फल्गु तट पर पहुंचा। करीब 12 की संख्या में विदेशी पिंडदानियों ने एक दिनी (फल्गु, विष्णुपद व अक्षयवट वेदी) का श्राद्ध किया। कर्मकांड पूरा करने के बाद पिंड को संबंधित बेदियों पर चढ़ा कर पूर्वजों की मुक्ति के लिए प्रार्थना की। विदेशी तीर्थयात्री भगवान शिव की नगरी वाराणसी से होते हुए भगवान विष्णु की नगरी मोक्ष धाम गयाजी में आए हैं। विदेश से कुल 12 की संख्या में तीर्थ यात्री गयाजी आए हैं।

### डीएम ने विदेशी श्रद्धालु का किया स्वागत

विदेशी तीर्थ यात्रियों के समूह में रूस, रसिया, उज्बेकिस्तान, नाइजेरिया, जर्मनी, घाना और अफ्रीका के लोग हैं। सभी ने अपने पुरखों का पिंडदान किया। खास बात यह भी कि सभी विदेशी श्रद्धालु का स्वागत डीएम डॉ. त्यागराजन ने संवाद सदन कार्यालय में किया। इस मौके पर जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गंगा जल भेंट किया।

### अलग-अलग देशों से आ रहे विदेशी

दास ने बताया कि इस बार 8 देशों से विदेशी पिंडदानी पूर्वजों का श्राद्ध के लिए गयाजी आए है। देवघाट पर ही इन सभी ने तीनों प्रमुख वेदियों पर श्राद्ध किया, साथ ही मोक्षदायिनी फल्गु में तर्पण कर पितरों के मोक्ष की कामना की। उन्होंने बताया कि सभी विदेशी अलग-अलग देशों के रहने





वाले है। इसमें रसिया, यूक्रेन, उज्जबेकिस्तान, नाइजेरिया, जर्मनी, धाना और अफ्रीका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि देश के साथ-साथ विदेशों में भी पितृपक्ष मेला प्रसिद्ध है। कई विदेशों सनातन संस्कृति से जुड़े है।

### बुनकर संघ पिंडदानियों को उचित दर पर उपलब्ध करा रहा वस्त्र

पितृपक्ष महासंगम-2024 के अवसर पर सीताकुंड में पूर्वजों के मोक्ष की कामना लेकर तर्पण और पिंडदान करने बड़ी संख्या में पिंडदानी पहुंच रहे हैं। तीर्थयात्रियों के लिए बुनकर संघ लागत मूल्य पर जय श्री विष्णु गया जी धाम टी-शर्ट, विष्णुधाम प्रिंटेड लेडीज स्टॉल, खादी गमछा, लुंगी, चादर उपलब्ध करा रहा है। तीर्थयात्री और स्थानीय नागरिक बुनकर संघ के स्टॉल से खरीदारी कर रहे हैं। बुनकर संघ के शिविर की सराहना कर रहे हैं। विभिन्न राज्यों से आने वाले पिंडदानियों और गयावासियों ने टी-शर्ट को बेहतर बताया है। अतिथि देवो भव : के तर्ज पर बुनकर संघ ने उचित दर पर स्थानीय स्वदेशी वस्त्र उपलब्ध कराने का सेवा कार्य जारी है। बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद पटवा, शिविर प्रभारी प्रकाश राम पटवा, मनोज कुमार और रमेश कुमार सुबह से ही से ही पिंडदानियों को वस्त्र उपलब्ध कराने में जुटे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में ट्रैफिक जाम से लोग परेशान, सिटी एसपी पूर्वी ने सुनीं आम जनता की समस्याएं

**पटना।** पटना के सिटी एसपी पूर्वी शुभांक मिश्रा ने फेसबुक लाइव के जरिए लोगों की समस्याएं सुनीं। ज्यादातर लोगों ने ट्रैफिक से जुड़ी समस्याओं को रखा। आम जनता ने कहा कि गौरीचक पुलिस की ओर से जब्त गाड़ियों को सड़क किनारे लगा दिया जाता है। जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई। सड़क दुर्घटना में कई लोगों की जान जा भी चुकी है। पुलिस पदाधिकारी से मेरा निवेदन है कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए।



**शराब तस्करी पर नकेल कसने की मांग:** सिटी एसपी पूर्वी शुभांक मिश्रा ने कहा कि कुछ लोगों ने क्राइम को लेकर भी अपना सुझाव दिया है। साथ ही पटना जंक्शन के पास सूखे नशे के कारोबार की बात सामने आई है। इसमें छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हैं। लोगों का कहना है कि शाम के समय यात्रियों से लूटपाट भी की जाती है। पटना सिटी से जुड़े कई लोगों ने शिकायत भरे लहजे में कहा की गंगा के कई घाटों पर शराब की तस्करी की जा रही है। इसलिए गंगा नदी में वोट के माध्यम से पुलिस गश्ती होनी चाहिए। रात्रि के समय गली-गली में पैदल पुलिस गश्ती करने की मांग की है। 25 मिनट के फेसबुक लाइफ में करीब 50 लोग जुड़े थे। उन्होंने आम जनता की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है।

### पुलिस और अपराधियों के बीच जमकर गोलीबारी, घटनास्थल से हथियार और तीन बाइक बरामद

**पटना।** पटना में सोमवार रात पुलिस और अपराधियों के बीच जमकर गोलीबारी हुई। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। वहीं पुलिस ने मौके से 3 बाइक, 1 देसी कट्टा, 1 देसी रायफल और 15 जिंदा कारतूस बरामद किया है। दरअसल, पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ अपराधी बड़े अपराध की योजना बना रहे हैं। इसके बाद दानापुर DSP- 2 पंकज मिश्रा और स्थानीय थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इसके बाद बिंदौल गांव में पुलिस कार्रवाई करने पहुंची, जहां पुलिस को देखते ही अपराधी पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी अपराधी पर जमकर फायरिंग की। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाते हुए सभी अपराधी फरार हो गए। मामले की पुष्टि करते हुए पटना पश्चिमी एसपी सरथ आर एस ने बताया कि 30 सितंबर की देर रात अपराधियों के घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा होने की गुप्त सूचना बिहटा थाना क्षेत्र के बिंदौर इलाके से मिली। पुलिस टीम ने घटनास्थल को घेर अपराधियों को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान अपराधियों द्वारा पुलिस पर गोलियां चलाईं गई। जवाब में पुलिस द्वारा भी गोलियां चलाईं गई। हालांकि इस गोलीबारी में किसी तरह के जान का नुकसान नहीं हुआ। वही अंधेरे का फायदा उठाकर अपराधी घटना स्थल से फरार होने में कामयाब हुए। पुलिस ने घटना स्थल से अपराधियों द्वारा छोड़े गए 3 बाइक, 1देसी कट्टा,1 देसी रायफल और 15 जिंदा कारतूस बरामद किया है।



### बाढ़ में स्मार्ट मीटर के खिलाफ एक दिवसीय धरना, सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**पटना।** पटना जिले के बाढ़ और अथमलगोला में स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ आरजेडी ने एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर बंद करने की मांग की। साथ ही बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना कार्यक्रम में पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। बाढ़ आरजेडी संगठन अध्यक्ष नमिता नीरज सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आह्वान पर पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जा रहा है। लोगों को घर-घर जाकर जागरूक करेंगे। स्मार्ट मीटर का बिल बहुत अधिक आ रहा है। गरीब परिवार इसका भुगतान नहीं कर पाएंगे। इसके जरिए लोगों को ठगा जा रहा है। दिन भर घर से बाहर रहने पर भी बिल चालू रहता है। पॉकेट से जबरदस्ती पैसा निकाला जा रहा है। स्मार्ट मीटर के खिलाफ आरजेडी बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। हमलोग सरकार की नीतियों को बेनकाब करेंगे। इस मौके पर प्रवक्ता मिथिलेश यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजीव कुमार चुन्ना, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्याम सुन्दर यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष समेत दर्जनों नेता मौजूद रहे।



### बेऊर जेल में कैदियों की भूख हड़ताल, खाने की क्वालिटी ठीक करने और मुलाकात का समय बढ़ाने की मांग

**पटना।** पटना के बेऊर जेल में अपनी मांगों को लेकर कैदियों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी मिलते ही वरीय अधिकारी जेल पहुंचे। कैदियों से बातचीत की जा रही है। जेल के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि कैदियों से मुलाकात के लिए अभी सप्ताह में एक दिन का समय निर्धारित है। इसे बढ़ाकर तीन दिन करने की मांग कर रहे हैं। जेल में बाहर से खाना लाने पर प्रतिबंध है, इस बात का भी विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा कैदियों की शिकायत है कि जेल में खाने की क्वालिटी ठीक नहीं है। घटिया क्वालिटी का खाना दिया जा रहा है। इसमें सुधार किया जाए। वहीं, जेलर अजय कुमार ने भूख हड़ताल की बात को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। जो भी मामला था, उसे शॉट आउट कर लिया गया है। इस संबंध में जेल सुपरिटेंडेंट से भी बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# बाढ़ के बीच वायुसेना सेना ने संभाला मोर्चा

**हेलिकॉप्टर से फूड पैकेट्स पहुंचाए जा रहे, 16 जिलों की 10 लाख आबादी बाढ़ में घिरी**

एजेंसी, पटना।







बिहार में बाढ़ के बीच अब वायुसेना की मदद ली जा रही है। एयरफोर्स की मदद से बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों तक हेलिकॉप्टर से फूड पैकेट्स पहुंचाए जा रहे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का एरियल सर्वे किया था। बिहार के 16 जिले इस समय बाढ़ की चपेट में हैं। इन 16 जिलों के 55 प्रखंडों की करीब 10 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित है। बाढ़ में बिहार के अलग-अलग जिलों में 8 लोग जिंदा बह गए, जबकि एक महिला की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बेतिया के श्रीनगर घोड़ाहिया पीड़ी रिंग बांध के सामने स्थित चंपारण तटबंध सोमवार देर रात टूट गया। इस वजह से 4 पंचायतों के लगभग दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं वहीं, पश्चिम चंपारण में बाढ़ प्रभावित 27 और स्कूलों को आगामी 2 अक्टूबर तक बंद करने के आदेश दिए गए हैं। इससे पहले जिले के आठ प्रखंडों के 58 स्कूलों को 2 अक्टूबर तक बंद करने का निर्देश दिया गया था। इस प्रकार अब तक बाढ़ और जलजमाव की वजह से जिले के 12 प्रखंड के 85 स्कूल बंद किए जा चुके हैं। केंद्रीय जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने बताया कि नेपाल में बारिश ने 56 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पड़ोसी देश ने 6 लाख 50 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा है। इससे बिहार में 56 साल बाद कोसी और 21 साल बाद गंडक नदी में इतना अधिक पानी आया है। इससे बीते 24 घंटे में अलग-अलग जिलों में 7 से ज्यादा बांध टूट गए हैं। इधर, पटना समेत कई जिलों में गंगा का लेवल एक बार फिर बढ़ गया है। वहीं, बिहार में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए फरक्का बराज के सभी 109 गेट खोल दिए गए हैं।

**8 लोग जिंदा बहे, महिला की हार्ट अटैक से मौत:** सुपौल मे तेज बहाव में शिवपुरी में दादा के कंधे पर बैठी 3 साल की बच्ची बह गई। बाढ के सदमे से हार्ट अटैक हुआ और 1 महिला की मौत हो गई वहीं दरभंगा के किरतपुर में एक किशोर और तीन महिला-पुरुष बाढ़ में बह गए। सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर और बेलसंड में बाढ़ की स्थिति गंभीर है यहां 3 लोग बाढ़ के पानी में बह गए। दरभंगा के कुशेश्वर स्थान पुर्वी प्रखंड के पूर्वी बलान बांध सोमवार की रात श्रीपुर गोबराही के पास टूट गया। इससे लगभग भिंडुवा, सिद्धिपुर, गोबराही समेत 25 गांव की आबादी प्रभावित हो गई है। कुशेश्वर स्थान पूर्वी के CO गोपाल कुमार पासवान ने बताया कि साढ़े 8 बजे रात में बांध टूट गया। मंगलवार की NDRF-SDRF की टीम पहुंचेगी। इसके बाद राहत कार्य शुरू किया जाएगा।

**स्कूली बच्चों से भरी नाव पलटी:** बेगूसराय में स्कूली बच्चों से भरी नाव पलट गई। नाव पर 25 से ज्यादा बच्चे सवार थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र के मखवा स्थित बैंती-बलान नदी घाट की है।

**नेपाल में 60 घंटे बारिश हुई:** 56 साल बाद कोसी और 21 साल बाद गंडक नदी में अत्यधिक पानी आया। नदियों के गेज प्वाइंट पर उच्चतम जलस्तर का नया रिकॉर्ड बना। अब इसी को मानक मान सरकार उत्तर बिहार की नदियों के तटबंधों की ऊंचाई बढ़ाएगी। सोमवार को जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि पिछले दो दिनों में नेपाल में 60 घंटे बारिश हुई। उत्तर बिहार की सभी नदियों के उच्चतम जलस्तर के पिछले सारे रिकॉर्ड टूट गए। पहली बार वीरपुर बराज के ऊपर से पानी बहने लगा। अब नदियों के इसी जलस्तर आधार मान तटबंधों की सुरक्षा और ऊंचाई बढ़ाई जाएगी। दो दिन से कोसी बराज पर बंद आवागमन सोमवार को चालू हो गया। इधर, दरभंगा में आपदा प्रबंधन के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बाढ़ प्रभावित इलाके का हवाई सर्वेक्षण किया।

**आज किसी भी जिले में बारिश का अलर्ट नहीं:** वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र ने आज प्रदेश के किसी भी जिले में बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। सितंबर महीने में हुई कुल बारिश का 88 प्रतिशत इन्हीं 4 दिनों में दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश पर बना चक्रवाती परिसंचरण अब उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश और उसके आसपास केंद्रित हो गया है। इसके अलावा, उत्तर-पूर्वी अरब सागर से उत्तर-पश्चिम बिहार तक बने मानसून ट्रफ के कमजोर होने के कारण अगले तीन-चार दिनों तक राज्य में बारिश की संभावना बहुत कम है।

**बारिश में 19% कम बारिश:** पहले राज्य में सामान्य से 28 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई थी, लेकिन अब यह कमी घटकर 19 प्रतिशत रह गई है। 30 सितंबर तक 992.2 एमएम बारिश होनी चाहिए थी। सिर्फ 798.3 एमएम ही बारिश हुई है।

## दानापुर में अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

एजेंसी, पटना।



**सड़क किनारे से दुकानों को हटाया, दुकानदारों पर लगाया जुर्माना; शहर को स्वच्छ बनाने की पहल**

पटना के दानापुर में टाउन क्लिन ऑपरेशन के तहत अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई है। नगर परिषद प्रशासन ने तकियापार गांधी मूर्ति से बीएस कॉलेज तक जेसीबी से अतिक्रमण हटाया। नगर को अतिक्रमण मुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए सड़क किनारे से अवैध दुकान, झोपड़ियों और गुमटियों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है। नालों पर बने अस्थाई दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया है। शाम तक दुकान हाटने का निर्देश दिया गया है। नगर परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि आयुक्त और डीएम के सख्त निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को अतिक्रमणकारियों से 62,600 रुपए का जुर्माना वसूला गया था। दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। 3 और 4 अक्टूबर को भी अतिक्रमण मुक्त अभियान जारी रहेगा। वहीं, नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि गांधी जयंती को लेकर तकियापर गांधी मूर्ति से लेकर बीएस कॉलेज तक सड़क किनारे और नालों से अतिक्रमण हटाया गया है। नियमों की अवहेलना पर जुर्माना भी लगाया है। लोगों की सख्त चेतावनी दी गई है।

## बिना वेतन, जज से काम करने की उम्मीद कैसे

**CJI चंद्रचूड़ का बिहार सरकार को सख्त निर्देश, कहा- जल्द जस्टिस आरपी मिश्रा का वेतन दें**

एजेंसी, पटना।



सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाई कोर्ट के जस्टिस रुद्र प्रकाश मिश्रा को पदभार ग्रहण करने की तारीख से वेतन और बकाए राशि का भुगतान करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। सोमवार को CJI डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जस्टिस मिश्रा की याचिका पर सुनवाई के बाद यह अंतरिम आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि 'वेतन भुगतान के बिना किसी भी जज से काम करने की उम्मीद कैसे की जा सकती है। कोर्ट ने राज्य सरकार को अविलंब अस्थायी सामान्य भविष्य निधि (GPF) का खाता खोल कर पदभार ग्रहण करने की तिथि से वेतन का भुगतान करने का निर्देश दिया।' जस्टिस मिश्रा पिछले साल 4 नवंबर को पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ ली थी। उनकी नियुक्ति न्यायिक सेवा कोटे से हुई थी, लेकिन GPF खाता न होने के कारण उनके वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा था।

**बिहार सरकार को सख्त निर्देश:** देश के मुख्य न्यायाधीश (CJI) जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सोमवार को बिहार की नीतीश सरकार पर उस समय नाराज हो गए, जब वह पटना हाई कोर्ट के जज जस्टिस रुद्र प्रकाश मिश्रा को कई महीनों से वेतन न मिलने के मामले की सुनवाई कर रहे थे। राज्य सरकार पर गंभीर रुख अपनाते हुए जस्टिस चंद्रचूड़ की पीठ ने बिहार सरकार को सख्त निर्देश दिया कि वह जस्टिस मिश्रा के लिए अस्थायी सामान्य भविष्य निधि (GPF) खाता खोलकर उनकी लंबित तनख्वाह जारी करें।

**हम अंतरिम आदेश पारित करेंगे:** जस्टिस रुद्र प्रकाश मिश्रा को 4 नवंबर 2023 को जिला न्यायपालिका से पटना हाई कोर्ट में प्रमोट किया गया था। उन्हें उनकी प्रमोशन की तारीख से वेतन नहीं मिल रहा है, क्योंकि उनके पास जीपीएफ खाता नहीं है, जो उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर वेतन लेने के लिए एक शर्त है। अधीनस्थ अदालतों के न्यायाधीश नई पेंशन योजना (एनपीएस) के अंतर्गत आते हैं और इस लिए उनके पास जीपीएफ खाते नहीं हैं। न्यायमूर्ति मिश्रा को अपना वेतन नहीं मिल पा रहा था क्योंकि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एनपीएस के अंतर्गत नहीं आते हैं। पीठ ने पूछा, "उन्हें वेतन क्यों नहीं मिल रहा है? यह क्या है? हम उनकी तनख्वाह जारी करने के लिए अंतरिम आदेश पारित करेंगे।" पीठ ने कहा कि वह बिहार सरकार को न्यायमूर्ति मिश्रा के लिए एक अस्थायी जीपीएफ खाता खोलने का निर्देश देगी। केंद्र की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शुक्रवार तक का समय मांगा और पीठ को आश्वासन दिया कि तब तक मुद्दा सुलझ जाएगा।

**एक तरह का प्रॉविडेंट फंड है GPF:** GPF एक तरह का प्रॉविडेंट फंड अकाउंट ही है, लेकिन यह हर तरह के एम्प्लॉइज के लिए नहीं होता है। GPF का फायदा केवल सरकारी कर्मचारियों को ही मिलता है और वह भी रिटायरमेंट के वक्त। ये एक तरह की रिटायरमेंट प्लानिंग होती है, क्योंकि, इसकी रकम कर्मचारी को रिटायरमेंट के बाद मिलती है।

## रिचार्ज के बाद नहीं आई बिजली तो दबाएं पुश बटन, 20 सेकेंड में सप्लाई चालू होगी

**पटना के 17.70 लाख कंज्यूमर को होगा फायदा**

एजेंसी, पटना।



पटना के 5.83 लाख उपभोक्ताओं के यहां लगे स्मार्ट प्रीपेड मीटर में अब पुश बटन डिवाइस लगेगी। बिजली कंपनी ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली एजेंसी ईडीएफ को पुश बटन लगाने का आदेश दिया है। बैलेंस समाप्त होने पर बिजली कटती है, लेकिन रिचार्ज करने के बाद बिजली सप्लाई चालू नहीं होती है। इसकी शिकायत लगातार बढ़ रही है। इसी समस्या से निजात पाने के लिए ग्रामीण इलाकों की तरह शहरी इलाके के उपभोक्ताओं को यह सुविधा देने की पहल की गई है। ताकि री-कनेक्शन की समस्या को दूर किया जा सके। पटना शहर में लगाए जाने वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर में पुश बटन डिवाइस नहीं लगा है। पटना में 17.70 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगे हैं। इसमें पटना शहर समेत सभी जिला मुख्यालय शामिल है। लेकिन, इन उपभोक्ताओं द्वारा रिचार्ज किए जाने के बाद सप्लाई चालू कराने के लिए बिजली कंपनी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। ऐसी शिकायत रोजाना करीब 15 से 20 प्रतिशत रहती है। इसमें देर से सप्लाई चालू होने, घंटों सप्लाई चालू नहीं होने आदि शामिल है।

**कैसे काम करेगा पुश बटन:** पुश बटन एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस है। यह मीटर लगे सिम के नेटवर्क को सर्वर से कनेक्ट करने में मदद करता है। रिचार्ज करने के बाद सप्लाई चालू होने के लिए 20 सेकेंड तक दबाना है। बिजली सप्लाई चालू हो जाएगी। बिजली कटने के बाद रिचार्ज किए बगैर पुश बटन दबाने पर बिजली सप्लाई तो चालू हो जाएगी। लेकिन, जब अगले दिन बिजली कटेगी तो पुश बटन दबाने का मौका समाप्त हो जाएगा। यह सुविधा अगले महीने फिर मिलेगी। रिचार्ज के बाद सप्लाई चालू नहीं होने पर पुश बटन की मदद लेनी है। SBPDCL के MD महेंद्र कुमार ने कहा कि पहले चरण में पटना शहर समेत जिला मुख्यालयों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा था। 17.70 लाख से अधिक मीटर लगा। पटना में संख्या करीब 5.83 लाख है। इसमें पुश बटन की व्यवस्था नहीं है।

## बाढ़ पर माखौल बनाने वालों को बोलने का अधिकार नहीं

**मंत्री लेसी सिंह ने कहा- लालू राज में लोगों को कहा जाता था, 'बाढ़ आया है मछली खाओ'**



एजेंसी, पटना।

बाढ़ के मुद्दे पर विपक्ष की तरफ से उठाए जा रहे सवालों का मंत्री लेसी सिंह ने जवाब दिया है। जदयू कार्यालय में मंगलवार को उन्होंने कहा है कि तेजस्वी यादव को अपने कार्यकाल के कार्यों का जवाब देना चाहिए। उनके राज में उनके नेता कहते थे कि बाढ़ आया है, मछली खाओ। तब लोगों का माखौल उड़ाया जाता था। अब जब सरकार तत्पर है तो उन्हें सरकार के कार्यों पर बोलने का अधिकार नहीं है। दरअसल नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राजद के सभी कार्यकर्ताओं को बाढ़ क्षेत्र में मुस्तैद रहने के लिए कहा था। उन्होंने कहा था कि सरकार की तरफ से बस एरियल सर्वे के माध्यम से खानापूर्ति की जा रही है। लोगों की मदद राजद को ही करनी होगी। जवाब में मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि आज सरकार और पूरी सरकारी मिशनरी निदान में लगी हुई है। उनकी बातों में कोई सच्चाई नहीं है। लेसी सिंह ने कहा कि नेपाल से आने वाली पानी से लोग परेशान हैं। सीएम लगातार नजर बनाए हुए हैं। पानी आने से स्थिति थोड़ी बिगड़ी है। अब इसके समाधान में केंद्र और राज्य सरकारें जुटी हुई है।

**आंदोलन कर रहे हैं और नेता ही गायब हैं:** वहीं राजद की तरफ से प्रीपेड मीटर के खिलाफ आंदोलन पर लेसी सिंह ने कहा कि यह विपक्ष का कैसा आंदोलन है कि विपक्ष के नेता ही गायब हैं। यह उनका किस तरह का आंदोलन है और जनता के मुद्दों को लेकर वो कितने गंभीर हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं। स्मार्ट मीटर की मॉनिटरिंग सीएम नीतीश कुमार खुद कर रहे हैं। यह निरंतर सुधार करने की चीज है।प्रीपेड मीटर को लेकर लोगों के भ्रम और शिकायतों को दूर किया जा रहा है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है।

**किसी के कह देने भर से सीएम नहीं हट जाएंगे:** प्रशांत किशोर की तरफ से पार्टी बनाने के सवाल पर लेसी सिंह ने कहा कि यह लोकतंत्र है। यहां चुनाव लड़ने पर किसी की कोई रोक नहीं है। सभी को चुनाव लड़ने की आजादी है। प्रशांत किशोर की तरफ से नीतीश कुमार को हटाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब हटा देंगे तब बात करेंगे। किसी के कह देने से सीएम हट जाएंगे क्या। लेसी सिंह ने कहा कि यहां जनता मालिक होती है। जनता का भरोसा एनडीए पर है। किसी के कहने-सुनने से कोई फर्क नहीं पड़ता है। लोकसभा में भी नीतीश कुमार के लिए तरह-तरह की बातें कही जा रही थी। जब नतीजा आ गया तब दिख गया कि लोगों का भरोसा नीतीश कुमार के ऊपर है।

**स्मार्ट प्रीपेड मीटर के खिलाफ RJD का आंदोलनपटना में सरकार के खिलाफ नारेबाजी**

## मीसा भारती बोलीं- सरकार बनने पर 200 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे

एजेंसी, पटना।

मुख्य विपक्षी पार्टी आरजेडी स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ पूरे बिहार में आंदोलन कर रही है। मंगलवार को पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने पटना जिले के फतुहा, दानापुर, फुलवारी शरीफ, बिहटा, खुसरूपुर, बाढ़ प्रखंड कार्यालय समेत पूरे राज्य में एक दिवसीय धरना दिया। स्मार्ट मीटर को बंद करने की मांग की। साथ ही राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**स्मार्ट मीटर में कई खामियां हैं : मीसा भारती:** पटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से आरजेडी सांसद मीसा भारती ने कहा कि यह राज्य स्तरीय प्रदर्शन है। राजद पहले से आवाज उठाती रही है। स्मार्ट मीटर में कई खामियां हैं। सरकार को इसे वापस लेने पर विचार करना चाहिए। राजद ने लोकसभा चुनाव में वादा किया था कि सरकार बनने पर 200 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे। राजद अभी भी इस बयान पर कायम है। प्रशांत किशोर के पार्टी बनाने के सवाल पर मीसा भारती ने कहा कि वह बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। अच्छी बातें करते हैं। जनता को बेबकूफ बना रहे हैं। वो कहते हैं कि नरेंद्र मोदी को पीएम बनाया। तो फिर क्यों नहीं पीएम से बात कर बेरोजगारी दूर करने को कहते हैं। पीके की पार्टी भाजपा की बी टीम है। बीजेपी के लिए काम कर रही है।

**बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी:** दानापुर में धरने की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सत्या राय ने की। धरने में शामिल महिला कार्यकर्ता रूबन खातून ने कहा कि सरकार प्रीपेड मीटर को बंद करे। प्रीपेड स्मार्ट मीटर गरीबों के लिए नहीं है। पैसा नहीं रहने पर बिजली काट दी जाती है। पास में पैसा नहीं रहेगा तो बिजली कैसे रहेगी। अभी तो बिजली बिल अगले महीने में जमा कर देते हैं, लेकिन इसमें ऐसा नहीं है। बिजली कट जाने के बाद हमलोग अंधेरे में रहने के लिए मजबूर हो जाएंगे।



**आम जनता को लूटा जा रहा है- आरजेडी:** पटना जिले के फुलवारी शरीफ प्रखंड मुख्यालय पर आरजेडी ने धरना दिया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव बिनु यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद समेत पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। आरजेडी नेताओं ने कहा कि सरकार स्मार्ट मीटर के नाम पर गरीबों और आम जनता को लूट रही है। जबरिया स्मार्ट मीटर लगाकर कंपनियों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है। जबकि सरकार का काम होता है, आम जनता के हितों की रक्षा करना और सुविधा प्रदान करना।

**लोगों को ठगा जा रहा है:** बाढ़ और अथमलगोला में प्रखंड मुख्यालय पर स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ आरजेडी ने एक दिवसीय धरना दिया। बाढ़ आरजेडी संगठन अध्यक्ष नमिता नीरज सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आह्वान पर पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जा रहा है। लोगों को घर-घर जाकर जागरूक करेंगे। स्मार्ट मीटर का बिल बहुत अधिक आ रहा है। गरीब परिवार इसका भुगतान नहीं कर पाएंगे। इसके जरिए लोगों को ठगा जा रहा है। दिन भर घर से बाहर रहने पर भी बिल चालू रहता है। पॉकेट से जबरदस्ती पैसा निकाला जा रहा है।

**'बिहार में स्मार्ट मीटर के नाम पर लूट':** दरअसल, 2019 से घरों में लग रहा स्मार्ट प्रीपेड मीटर राजनीति रंग ले चुका है। बिहार के ग्रामीण इलाको में अलग-अलग जगहों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के विरोध का मुद्दा राजद ने लपक लिया है। राष्ट्रीय जनता दल ने बिहार में स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा था कि बिहार में स्मार्ट मीटर के नाम पर लूट मची हुई है। गरीब, किसान और आम उपभोक्ता इससे काफी परेशान हैं। राजद के इस राज्यव्यापी आंदोलन में पार्टी के सभी विधायक, सांसद, पार्टी के पदाधिकारी को लगाया गया है। बड़े नेता धरना प्रदर्शन में भी शामिल होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

# दहेज हत्या मामले मे आठ के खिलाफ प्राथमिकी

**चाणक्य भूमि, वाल्मीकिनगर**। थाना क्षेत्र के नरैनापुर गांव निवासी राजमोहन मुण्डा पिता लखु मुण्डा ने थाने में आवेदन देकर आठ लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने अपने आवेदन मे कहा है कि दिनांक 8 मई को मेरी लडकी अनिता कुमारी को मेरे ही गाँव निवासी निलेश कुमार मुण्डा पिता अनिल मुण्डा सभी सा० नारायणपुर ने अपनी साथियों की सहायता से बहला फुसलाकर शादी करने के नियत से अपहरण कर लिए जिसकी लिखित सुचना मैने थाने पर दिया था। पुनः गाँव के लोग मुखिया सरपंच द्वारा हमलोगों बैठाकर सुलह समझौता कराया गया जिसके एवज में 18 मई 24 को सुलह समझौता हुआ और नितेश कुमार मुण्डा ने एक कागज बनाया कि मैं लड़की को अच्छे से रखूँगा तथा उसे किसी भी प्रकार का कोई दिक्कत नही दूँगा। कागज पर नितेश कुमार के माता पिता गाँव के लोग अपना अपना हस्ताक्षर बनाये। उसके पश्चात् में अपनी लड़की उनके घर छोड़कर वापस आ गया। उसके कुछ दिन पश्चात् में ही उपरोक्त सभी लोग दहेज के रूप में दो लाख रूपया तथा एक मोटर साइकिल कि मांग करने लगे। मैने पुनः पंचों के पास गया समझौता हुआ उसके बाद भी सभी लोग मेरी लड़की को तरह-तरह से प्रताड़ित करने लगे | दिनांक 29 सितंबर 24 को सभी लोग साजिश के तहत दहेज नहीं मिलने की बजह से मेरी पूत्री अनिता कुमारी कि हत्या कर दिये। जब मुझे इसकी जानकारी हुई तो मैं उनके घर पूछ ताछ करने गया तो सभी लोग मुझे वहां से भगा दिये। इस बाबत थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

# चार माह पुर्व अपहृत नाबालिग युवती बरामद

**चा ० भूमि मैनाटाड़**। विगत चार माह पूर्व नाबालिक युवती के अपहरण के मामले में अपहरण कर्ता युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही अपहृत नाबालिग युवती भी बरामद कर लिया गया है। मैनाटाड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि बरामद नाबालिग युवती के मेडिकल जांच और न्यायलय में ब्यान के लिए बेतिया भेजा गया है। न्यायलय में ब्यान के बाद मामला और क्लीयर हो जायेगा। वहीं गिरफ्तार युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलदारी निवासी राकेश चौधरी को न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि थाना क्षेत्र के एक गांव से विगत नौ मई को एक नाबालिग युवती के अपहरण के मामले में पोस्को एक्ट और अपहरण के धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ था। उसके बाद अपहृत नाबालिग युवती के बरामदगी के लिए पुलिस प्रयासरत थी।जिसे नाटकीय ढंग से सोमवार की रात बरामद कर लिया गया।

# जंगली हाथियों ने धान की फसल को पहुंचाया नुकसान

**चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर**। वाल्मीकिनगर रेंज के वनवर्ती गांवो में एक बार फिर नेपाली हाथियों का झुंड उत्पात मचा रहा है। धान की फसलों को हाथियों ने तबाह करना शुरू कर दिया है जिससे किसान परेशान नजर आ रहे हैं। जंगली हाथी वीटीआर के जंगल से निकलकर किसानों की फसलों को बर्बाद करने में लगे हैं। मंगलवार की सुबह करीब आधा दर्जन हाथियों के झुंड को लक्ष्मीपुर गांव से सटे सरेह में देखा गया है। हाथी किसान महेश महतो के धान के फसल को रौंदकर तहस-नहस कर दिया हैं। ग्रामीण हाथियों के भय से खेतों की तरफ नहीं जा पा रहे हैं। हाथियों के झुंड के आने की सूचना ग्रामीणों ने वाल्मीकिनगर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी राजकुमार पासवान को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वनकर्मियो ने ग्रामीणों को हाथियों का झुंड आने और खेतों में जाने के दौरान पूरी सावधानी बरतने को आगाह किया। किसानो ने बताया कि हाथी उत्पात मचा रहें हैं। हमारे हरे भरे फसलों को रौंद कर हमारे पेट पर प्रहार किया है। किसानों का कहना है कि अब फसल जब तैयार होने को है। ऐसे में हाथियों के फसलों को तहस-नहस करने से अरमानों पर पानी फिर गया है। इस बाबत वाल्मीकिनगर रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि ग्रामीण सतर्कता बरतें। वन विभाग की ओर से हाथियों को भगाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रखंड मुख्यालय पर राजद नेताओं ने दिया एक दिवसीय धरना

**चाणक्य भूमि मोतिहारी**। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में मगंलवार को मोतिहारी सदर प्रखंड मुख्यालय पर राजद नेताओं ने एक दिवसीय धरना दिया एवं राज्य सरकार से घर घर लगे स्मार्ट मीटर को तुरंत हटाने का मांग किया।मुख्य वक्ता प्रीति कुमारी मेयर, पूर्व चेयरमैन चन्द्रशेखर गुप्ता, प्रधान महासचिव सुरेश सहनी, लालबाबू खान अध्यक्ष राजद नगर निगम,हरेंद्र यादव,अरुण यादव, मनोज अकेला,बंटी गुप्ता एवं पूर्व प्राचार्य शशिकला सहित अन्य वक्ताओं ने पूरे बिहार से स्मार्ट मीटर को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। नेताओं ने कहा की पूरे प्रदेश में राजद सुप्रीमो लालू यादव नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में आंदोलन को और तेज किया जायेगा। प्राइवेट कम्पनियों से देश लुटवाना, गरीबों के साथ घोर अन्याय है।प्रदर्शन में शामिल प्रखण्ड एक राजद अध्यक्ष बालकुअँर यादव ने बताया कि स्मार्ट मीटर लोगों का खून चूस रहा है।उन्होने कहा कि स्मार्ट मीटर जबसे लगा हैं,लोग काफ़ी परेशान हैं।बिल का कोई लिमिट नहीं है।उन्होने कहा कि अगर स्मार्ट मीटर नही हटाया गया तो राजद व्यापक पैमाने पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।वहीं शिष्टमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन दिया।धरना 03 बजे तक समाप्त हुआ मौके पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्त्ता व आमजन उपस्थित थें।

# वृद्धजन आश्रय स्थल का माननीय जिला प्रभारी मंत्री ने किया उद्घाटन



**चाणक्य भूमि मोतिहारी**। मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रय स्थल योजना अंतर्गत नगर निगम मोतिहारी के सौजन्य से नव निर्मित वृद्धजन आश्रय स्थल का माननीय शिक्षा मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री पूर्वी चंपारण सुनील कुमार, माननीय विधायक मोतिहारी प्रमोद कुमार, माननीय विधायक केसरिया श्रीमती शालिनी मिश्रा, महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी, उप महापौर लालबाबू प्रसाद, जिलाधिकारी सौरव जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात एवं नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव के द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर माननीय मंत्री एवं विधायक गण के द्वारा आश्रय स्थल की सभी व्यवस्थाएं देखी गई माननीय मंत्री के द्वारा निदेश दिया गया कि इस आश्रय स्थल का बेहतर रख-रखाव के साथ अच्छे ढंग से संचालन किया जाए ताकि इसका लाभ प्रभावित लोगों को मिल सके।

# आज जन सुराज राजनीतिक दल बन जायेगा

चाणक्य भूमि पटना



» राजनीतिक दल बनने के बाद बिहार मे आगामी विधानसभा चुनावों में ताल ठोकने की आधिकारिक तैयारी शुरू हो जायेगी

» राजनीतिक दल बनने से पहले प्रशांत किशोर ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि बिहार में सिर्फ जन सुराज ही दिखेगा

जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने 2 अक्टूबर को संगठन के दल बनाने से पहले एक महत्वपूर्ण ब्यान दिया है अपने ब्यान में उन्होंने स्पष्ट कहा है कि अगले 6 महीने बाद जहां भी खड़े होंगे, जन सुराज ही नजर आएगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में जब लोग नहीं माने, तब हमने इस यात्रा की शुरुआत की। हम पिछले 2 वर्षों से चलते आ रहे हैं। मेरे आलोचक भले ही कुछ भी कहें, लेकिन यह सच है कि हम चल रहे हैं।

अब लोग यह कह रहे हैं कि बात तो सही है, लेकिन बिहार में सुधार नहीं होगा। अब मेरे समर्थक कह रहे है कि अगर बिहार सुधरेगा, तो वह जन सुराज से ही सुधरेगा।

प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि अभी हमारे पास 15 महीने का समय है, इसलिए घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। 2 अक्टूबर को पार्टी का गठन करेंगे, और 6 महीने बाद जहां देखेंगे, वहां जन सुराज ही दिखाई देगा। चाहे आप बैठें, सोएं या खड़े हों, जन सुराज ही दिखेगा, और तीसरा कुछ नहीं। हमने अभी प्रचार शुरू नहीं किया है; हम अभी पैदल चल रहे हैं। हमें अपने काम के लिए दल बनाना होगा। पहले दल बनाने दीजिए, फिर 2 अक्टूबर से देखिएगा कि प्रचार कैसे होता है।

# बंगला भाषी लोगों ने हक हकूक को ले एकजुट हो कि बैठक

चा० भूमि मैनाटाड़



मानपुर थाना क्षेत्र के धोखराहा कॉलोनी में बिहार बंगाली समिति के बैनर तले बंगला भाषी लोगों की एक बैठक आयोजित की गयी।बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष डॉ कृष्णधन दास ने किया ।वहीं बैठक में मुख्य रूप से डॉ राजू विश्वास ,बिंदु वैद्य ,गोविंद दास ,राकेश देवनाथ ,गौतम पाल, विजय देवनाथ, आसिम देवनाथ, संजय विश्वास नित्यानंद मंडल, तरणी दास ,सुधीर दास, सुधांशु दास ,उमेश सरकार आदि मौजूद रहें। बैठक में मुख्य रूप से बंगला भाषा लोगों के हक हक के लिए एकजुट रहने पर संकल्प लिया गया ।वहीं सरकार से मांग की गयी कि बिहार में रह रहे बंगला भाषियों को संवैधानिक अधिकार मिले। साथही जातीय आरक्षण पर सरकार विशेष रूप से चर्चा करें। वहीं बंगाली भाषा समाज के लोगों को शिक्षा के उत्थान पर विशेष रूप से चर्चा की गयी ।साथ ही समाज के उत्थान के लिए रणनीति बनायी गयी।

# स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ मझौलिया प्रखंड मुख्यालय पर राजद का विरोध प्रदर्शन



चा० भूमि मझौलिया

राज्यस्तरीय धरना प्रदर्शन के तहत राजद कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रखण्ड कार्यालय परिसर में स्मार्ट मीटर के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी ई०सौरव कुमार ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर गरीबों का खून चूस रही है।विद्युत आपूर्ति बंद रहने पर भी बिजली बिल आ रहा है।सड़क से सदन तक स्मार्ट प्रीपेड मीटर के विरुद्ध लड़ाई लड़ी जाएगी।उन्होंने कहा कि राजद की सरकार बनने पर दो सौ यूनिट बिजली फ्री में दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार अफ़सर शाही नीतीश सरकार की मुख्य देन है।इस दौरान राजद कार्यकर्ताओं द्वारा नीतीश सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष जयलाल यादव, प्रधान महासचिव परमानंद सिंह युवा प्रखंड अध्यक्ष सोहराब आलम युवा जिला सचिव गफार हुसैन, सुरेंद्र मुखिया भुट्टी यादव आसया खातून, डॉ अमीन अहमद मैनेजर यादव फूलदेव यादव मकरध्वज सिंह आदि राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सब्जी मंडी के स्थाई समाधान हेतु सामाजिक कार्यकर्ता कुणाल आगे आये



चाणक्य भूमि योगापट्टी

» बाढ में सब्जी मंडी मेला कैंपस में जलजमाव से परेशान दुकानदार ने स्थाई दुकान निर्माण हेतु की मांग

नगर पंचायत स्थित सब्जी विक्रेता संघ ने स्थायी सब्जी मंडी निर्माण को लेकर फिर हूंकार भरी है। बरसात खत्म होने के बावजूद सब्जी मंडी निर्माण का कार्य अभी अधुरा रहने से सब्जी विक्रेताओ में काफी रोष है। सब्जी विक्रेता संघ के नगर अध्यक्ष दिनेश प्रसाद ने बताया कि बरसात व बाढ का समय शुरु है। कभी भी इस क्षेत्र में बाढ आ सकती है। सब्जी दुकान स्थायी जगह नही मिलने के कारण कुछ खुदरा दुकानदार सहित सभी थोक सब्जी व्यवसाई अभी भी अपना दुकान लौरिया मेला ग्राउंड मे ही लगा रहे हैं। बाढ आने के बाद एक भी दुकान बाढ के पानी से काफी क्षति हुई है ऐसे में सब्जी विक्रेता संघ के सदस्यों ने बरसात भर के लिए थोक व खुदरा सब्जी बेचने के लिए पदाधिकारी जनप्रतिनिधि को आवेदन देकर जगह की मांग की है। ताकि दुकानदार बाढ व बरसात में भी अपना ब्यवसाय कर सकें।

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता कुणाल ने सब्जी विक्रेता से मिलकर उनकी समस्या के समाधान हेतु हर संभव मदद करने की बात कही। वहीं मौके प्रभु प्रसाद राजकुमार मनुका साह वीरेंद्र राम मुन्ना कुमार जयप्रकाश छोटेलाल शाह अफजल शाह अलिशेर मिया भोला कुमार मनोज कुमार नारायण ठाकुर प्रमोद राम भगवान साह सहित दर्जनों सब्जी विक्रेता उपस्थित रहे।

# अंततः जिले का ऐतिहासिक बेतिया राज देवड़ी मेला का डाक नहीं हो सका



चाणक्य भूमि बेतिया

पश्चिम चंपारण जिले का ऐतिहासिक बेतिया राज देवड़ी का दशहरा मेला इस वर्ष फीका फीका रहेगा। चूँकि 30 नवंबर 2024 को मेला के लिए होने वाला डाक नहीं हो सका। 30 नवंबर के पूर्व भी निविदा के लिए जो दिन और तारीख मुकर्रर की गई थी, उस समय भी मेला के लिए निर्धारित की गई न्यूनतम एक करोड़ 26 लाख की राशि पर किसी भी निविदादाता ने निविदा नहीं डाला था। जिस कारण निविदा की तिथि को आगे बढ़ा कर 30 नवंबर 2024 किया गया। निर्धारित समय पर निविदा डालने के लिए बेतिया राज व्यवस्थापक के कक्ष में कुछ लोग गए जरूर लेकिन किसी भी ने निविदा नहीं डाला। निविदा डालने वाले लोगों ने निर्धारित न्यूनतम राशि को कम करने के लिए आग्रह किये। उन लोगों का कहना था कि पिछले वर्ष 75 लाख रुपया न्यूनतम निर्धारित राशि थी, उसमें थोड़ा बहुत वृद्धि कर डाक कराया जाए। लेकिन प्रशासन इस पर तैयार नहीं हो सका और अंततः डाक नहीं हो सका।

स्वाभाविक है कि डाक नहीं होने से मेला में आमंत्रण पर आने वाले बहुत अच्छे-अच्छे दुकान, प्रदर्शनार्थ तमाशा आदि नहीं आ पाएंगे। नतीजतन मेला की रौनक में कमी आएगी। विभागीय वसूली में भी घालमेल होगा। वसूली होने के लिए तो होगा लेकिन राजस्व के रिकॉर्ड में, राजस्व क्षति ही अंततः प्रदर्शित होगा।

# अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनों को किया गया सम्मानित

चाणक्य भूमि मधुबनी



मधुबनी के डीएम अरविंद कुमार वर्मा के निर्देशानुसार सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा आशीष प्रकाश अमन के द्वारा वृद्धजनों को पाग और दोपटा पहनाकर सम्मानित किया गया। बता दे कि समाज कल्याण विभाग के द्वारा वृद्धजनों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के विषय में उन्होंने बताया कि स्वच्छता के महत्वता पर प्रकाश डाला गया। आगे उन्होंने बताया कि वृद्धजन सम्मान अभियान अक्टुबर के पूरे माह में चलाया जाएगा जिसमें हर एक दिन विभिन्न प्रखंडों में पेंशन दिवस मनाकर पेंशन संबंधित परेशानियों का निराकरण किया जाएगा।

कार्यालय के द्वारा पेंशन दिवस मनाने हेतु तिथिवार रोस्टर तैयार किया गया है जिससे हर एक दिन अलग- अलग प्रखंड में आयोजित किया जाएगा।

# डिप्टी जीएम आई टी के बिदाई पर सम्मान समारोह का आयोजन

चा0 भूमि, मझौलिया



» उमड़ी चीनी मिल कर्मियों की भीड़

**मझौलिया**।मंगलवार को शुगर इंडस्ट्रीज के आईटी विभाग में सम्पन्न एक बिदाई समारोह में डिप्टी जीएम सतीश चंद्र जैन को अंग वस्त्र व बुके प्रदान कर सम्मानित किया गया।बिदाई समारोह की अध्यक्षता सुगर इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड डॉ. जयप्रकाश त्रिपाठी ने की।उन्होंने श्री जैन के उत्कृष्ट कार्यो का बखान किया और कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि सेवानिवृत्ति के बाद कोई भी कर्मचारी स्वस्थ हालत में बिदाई लेता है।उन्होंने उनके रीटाइरल लाइव के लिए मंगल कामना की।मौके पर जीएम कमर्शियल यू एन राय, जीएम डिस्टिलरी प्रदीप कुमार शुक्ला, एजीएम एचआर रमाकांत मिश्रा, डिप्टी जीएम लेखा विभाग विजय आनंद, एजीएम प्रभास कुमार, ऑडिटर अविनाश कुमार,रामचंद्र यादव, सुदामा प्रसाद, राजीव कुमार तिवारी, प्रदीप यादव, पंकज कुमार राजीव श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# रोटरी क्लब का निःशुल्क अंग प्रत्यारोपण शिविर जरूरतमंद वर्ग के लोगों के साबित होगा वरदानः सांसद

चाणक्य भूमि मोतिहारी



» 150 से अधिक दिव्यांगों के बीच अंग का हो रहा है वितरण

सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि निःशुल्क अंग प्रत्यारोपण शिविर बेहद सराहनीय कदम है। रोटरी क्लब का यह प्रयास जरूरतमंद वर्ग के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा और वह भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ पाएंगे। दिव्यांग लोगों के जीवन में रोटरी क्लब का यह शिविर खुशी व उमंग लेकर आया है। अब वह मुस्कुराते हुए घर जाएंगे। वह मेन रोड स्थित नवयुवक पुस्तकालय परिसर में रोटरी क्लब ऑफ मोतिहारी की ओर से चल रहे निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य रही है, जो सराहनीय है। कृत्रिम अंग देकर दिव्यांगों को सहारा दिया गया है, वह अपने आप में अनुकरणीय है। गरीबों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। टेक्निकल टीम द्वारा किस प्रकार दिव्यांगों को कृत्रिम अंग लगाए जा रहें, इससे भी अवगत हुए और कार्यो को देखकर सराहना भी की। इससे पहले रोटरी अध्यक्ष डॉ. विवेक गौरव ने समारोह में पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शिविर में बढ़-चढ़कर दिव्यांगों ने हिस्सा लिया और अपनी आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंग प्राप्त किया। शिविर की सफलता को देखते हुए हम आगे भी ऐसे आयोजन कर लोगों की मदद करते रहेंगे। जरूरतमंदों की सेवा हमारा लक्ष्य है। शिविर प्रभारी राहुल अग्रवाल ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर में भाग लेने को 200 लोगों नेअपना रजिस्ट्रेशन कराया। इसमें ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों शामिल थे। जांच के बाद करीब 170 अपने हाथ-पैर की अधिकृत टीम ने मापी ली। सभी दिव्यांगों के बीच सांसद व रोटरी पदाधिकारियों द्वारा कृत्रिम अंग व वैशाखी आदि का वितरण कर दिया गया। इस मौके पर टेक्निकल सपोर्ट में सक्रिय एसएनएस इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग साइंस के विद्यार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। रोटेरियन अभिमन्यु कुमार ने कहा कि दुनिया में ऐसे कई दिव्यांग लोग हैं, जिन्होंने ऐसे कार्य किए हैं, जो किसी भी साधारण व्यक्ति के लिए करना नामुमकिन है। कहा- कई दिव्यांग लोगों के जीवन में रोटरी की वजह से नया रंग आया है और वह अपना जीवन स्वतंत्र रूप से जी पाएंगे। शिविर में कृत्रिम अंग पाकर दिव्यांगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान पदाधिकारियों द्वारा दाता व वोलेंटियर्स को भी सम्मानित किया गया। शिविर में मनीष कुमार, संजय जायसवाल, डॉ. सुबोध कुमार, राजीव जायसवाल, अभिषेक केडिया, धर्मेंद्र कुमार सिंह, रोहित साह, कृष्णा राजगढ़िया, विद्याव्रत जायसवाल, विकास कुमार, महेश सिन्हा आदि सक्रिय थे।शिविर परिसर में लगातार तीसरे दिन भी सीता देवी-ओंकारनाथ जालान सेवा संस्थान की ओर से अन्नपूर्णा रसोई लगाया गया। जहां बड़ी संख्या में दिव्यांग व उनके परिवारिक सदस्यों के अलावा टीम में शामिल सदस्यों ने भोजन ग्रहण किया।

# बुनियाद केंद्र में अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गई



चाणक्य भूमि पकड़ीदयाल

माता -पिता भरण पोषण अधिनियम -2012 एवं अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 2024 मनाई गई। इसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ0 मृत्युंजय कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ शुभारम्भ की गई। इन्होने अपनी अभिभाषण में माता -पिता भरण पोषण अधिनियम -2012 एवं अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 2024 के विषय में विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि वृद्धजन हमारे लिय प्रेरणा श्रोत हैं एवं हरसंभव वृद्धजन कि सेवा के लिय तत्पर रहूँगा। बुनियाद केंद्र पकड़ीदयाल के केस प्रबंधक सह केंद्र प्रभारी डॉ0 राजीव कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम कि शुरुआत करते हुए बुनियाद केंद्र कि सेवाओ के विषय में विस्तृत चर्चा करते हुए वृद्ध , विधवा एवं दिव्यांगो को यहाँ से दी जाने वाली सेवाओ जैसे कि जोड़ो का दर्द , कमर दर्द , गठिया , पैरालिसिस का, नेत्र जांच के साथ -साथ निःशुल्क चश्मा वितरण एवं कान जांच के उपरांत निःशुल्क श्रवण यन्त्र वितरण किया गया। यहाँ बोलना सिखलाया जाता हैं और साथ साथ अगर किन्ही को रोजगार के लिय RSETI के माध्यम से दिव्यांग एवं विधवाओ को निःशुल्क प्रशिक्षण आत्मनिर्भर बनने के लिय दिलाई जाती हैं। अगर किसी को पेंसन सम्बन्धी दिक्कत आ रही हैं तो बुनियाद के द्वारा त्वरित करवाई करते हुए उसका निष्पादन किया जाता हैं। इन लोगो को घर में किसी प्रकार कि दिक्कत का सामना करना पर रहा हो तो उसमे भी बुनियाद सहयोग प्रदान करता हैं। डॉ0 शबनम परवीन शरीर में हो रही विकृतियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी एवं उनके सहायक डॉ0 चन्दन कुमार गिरी ने फिजियो से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी। सहायक उपकरण प्रभारी अभिनन्दन केशव ने सहायक उपकरण जैसे मोटोराइजद साईकिल , तिनपहिया साइकल , वयिल चेयर , वैसाखी एवं कृत्रिम अंग के विषय में विस्तृत जानकारी दिय।साथ ही साथ मुख्य अतिथि के द्वारा वृद्धजन को अंग वस्त्र एवं चश्मा उपलब्द्ध कराइ गई। मौके पर कृष्णा कुमार , गुड्डू कुमार , राजू कुमार राम एवं संगीता देवी ,पप्पू कुमार मौजूद थे।

# कानपुर टेस्ट : भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया, दो मैचों की श्रृंखला में किया क्लीन स्विप

**एजेंसी, कानपुर**




भारत ने यहां ग्रीन पार्क में खेले जा दूसरे टेस्ट मैच में लगभग ढाई दिन बारिश के कारण रद्द होने के बावजूद बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 2-0 अपने नाम किया। इस मैच में टॉस जीतकर भारतीय टीम ने बांग्लादेश की पहली पारी 233 रन पर समेट दी और उसके बाद तेजी से खेलते हुए अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 285 रन बनाकर घोषित की और पहली पारी के आधार पर 52 रनों की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बांग्लादेश की टीम 146 रन पर सिमट गई थी, जिसके बाद भारत को केवल 95 रनों का लक्ष्य मिला।

95 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 17.2 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाकर मैच जीत लिया। दूसरी पारी में भारत के लिए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 51 रन बनाए। यशस्वी के अलावा विराट कोहली ने 29 रनों की नाबाद पारी खेली। कोहली के साथ ऋषभ पंत भी 4 रन बनाकर नाबाद लौटे। कप्तान रोहित शर्मा ने 8 और शुंभमन गिल ने 6 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने 2 और तइजुल इस्लाम ने 1 विकेट लिया। बांग्लादेश की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने जाकिर हसन को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। जाकिर ने 10 रन बनाए। अश्विन ने बांग्लादेश का दूसरा विकेट भी झटका। उन्होंने हसन महमूद बोल्ड कर पवेलियन भेजा। हसन ने चार रन बनाए। बांग्लादेश का तीसरा विकेट पहली पारी के शतकवीर मोमिनुल हक के रूप में गिरा। हक को अश्विन ने 36 रनों के कुल योग पर पवेलियन भेजा। हक ने 2 रन बनाए। इसके बाद बांग्लादेश के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और पूरी टीम 146 रनों पर सिमट गई। दूसरी पारी में बांग्लादेश के लिए केवल शादमान इस्लाम और मुश्फिकुर रहीम ही कुछ टिक कर खेल सके। शादमान ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 50 रन बनाए, जबकि मुश्फिकुर ने 37 रन बनाए। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा ने 3-3 व आकाशदीप ने 1 विकेट लिया। इससे पहले भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में ताबड़तोड़ शुरुआत की। कप्तान रोहित शर्मा ने यशस्वी जायसवाल के साथ मिलकर शुरुआती तीन ओवर में ही 50 रन का आकड़ा पार कर लिया। चौथे ओवर में 55 के स्कोर पर भारतीय टीम का पहला विकेट गिरा। कप्तान रोहित 11 गेंद में एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 23 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद यशस्वी जायसवाल ने भी तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 31 गेंद में अर्धशतक जड़ दिया।

# डबल्यूटीसी पॉइंट टेबल 2023-25: भारत शीर्ष पर बरकरार




## बांग्लादेश सातवें स्थान पर खिसका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से टेस्ट सीरीज जीतने के बाद भारत ने 2023-2025 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण ढाई दिन से अधिक समय गंवाने के बावजूद, भारत की आक्रामक रणनीति के कारण कानपुर में दूसरे टेस्ट में प्रभावशाली जीत हुई। इस जीत से भारत को अतिरिक्त 12 अंक मिले, जिससे 11 मैचों के बाद उसका अंक प्रतिशत (पीसीटी) बढ़कर 74.24 हो गया, जो ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका दोनों से काफी आगे है। इसके विपरीत, बांग्लादेश की चक्र की पांचवीं हार उन्हें 34.38 के पीसीटी के साथ स्टैंडिंग में सातवें स्थान पर ले गई। इंग्लैंड 16 मैचों में 8 जीत 7 हार और 1 ड्रा के साथ चौथे स्थान पर है।

# आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024: बांग्लादेश और श्रीलंका ने दर्ज की जीत

**एजेंसी, दुबई**



बांग्लादेश और श्रीलंका ने क्रमशः पाकिस्तान और स्कॉटलैंड पर जीत के साथ आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी तैयारी पूरी की। पाकिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शोर्ना अख्तर के नाबाद 28 और शांति रानी के 23 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 140 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 18.4 ओवर में 117 रनों पर सिमट गई। पाकिस्तान के लिए ओमैमा सोहेल ने सर्वाधिक 33 और फातिमा सना ने 17 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए मारूफा अख्तर और शोर्ना अख्तर ने 2-2 विकेट लिए। एक अन्य मैच में श्रीलंका ने गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। श्रीलंका के पहले गेंदबाजी करता हुए 19 ओवर में स्कॉटलैंड को केवल 58 रन पर समेट दिया। हालांकि 59 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरुआत भी खराब रही, लेकिन कविशा दिलहारी के 27 रन की बदौलत लंकन टीम ने 15.3 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। 3 अक्टूबर को प्रतियोगिता शुरू होने से पहले आज तीन और अभ्यास मैच खेले जाएंगे।

# ब्राजीलियाई सीरी ए क्लब फ्लेमेंगो ने मुख्य कोच टिटे से नाता तोड़ा

**एजेंसी, रियो डी जनेरियो**



ब्राजील के पूर्व मुख्य कोच टिटे को ब्राजीलियाई सीरी ए क्लब फ्लेमेंगो ने सोमवार को बर्खास्त कर दिया। क्लब ने एक बयान में कहा कि 63 वर्षीय खिलाड़ी की जगह साल के अंत तक पूर्व एटलेटिको मैड्रिड, चेल्सी और फ्लेमेंगो के डिफेंडर फिलिप लुइस लेंगे। यह घोषणा ब्राज़ील की सीरी ए चैंपियनशिप में फ्लेमेंगो की एथलेटिको पैरानेंस पर 1-0 की घरेलू जीत के एक दिन से भी कम समय बाद आई। पिछले गुरुवार को, फ्लेमेंगो को कोपा लिबर्टाडोरेस - दक्षिण अमेरिका की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता - से क्वार्टर फाइनल चरण में उरुग्वे के पेनारोल द्वारा बाहर कर दिया गया था। फ्लेमेंगो वर्तमान में 20-टीम ब्राज़ीलियाई सीरी ए स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर है, और सीज़न में 10 गेम शेष रहते हुए शीर्ष पर चल रहे बोटाफ़ोगो से नौ अंक पीछे है। टिटे, जो 2016 से 2022 तक ब्राजील के मैनेजर थे, ने पिछले साल अक्टूबर में अपनी नियुक्ति के बाद फ्लेमेंगो को 41 जीत, 13 ड्रॉ और 16 हार दिलाई।

# हैदराबाद एफसी के खिलाफ जीत का सिलसिला जारी रखने के लिए खेलेगी चेन्नइयन एफसी

**एजेंसी, हैदराबाद**



हैदराबाद एफसी और चेन्नइयन एफसी के बीच आज शाम गाचीबोवली स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के मैचवीक 4 की शुरुआत होगी। हैदराबाद एफसी ने अपने पिछले मैच पंजाब एफसी के खिलाफ 0-2 से हारने से पहले जुझारूपन दिखाया था, जबकि चेन्नइयन एफसी पिछले गुरुवार को मोहम्मडन एससी से 0-1 से हार गई थी।

चेन्नइयन एफसी के खिलाफ हैदराबाद एफसी रक्षात्मक रूप से सुदृढ़ रही है। उसने चेन्नइयन एफसी के खिलाफ अपने पिछले आठ आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में एक या उससे कम गोल खाए हैं। इस दौरान उसने चार मैच जीते हैं और केवल दो बार हारे हैं। चेन्नइयन एफसी ने अपने पिछले चार अवे मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है। इससे पता चलता है कि वे हैदराबाद एफसी की बैकलाइन की परीक्षा लेंगे। हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंग्टो पिछले सीजन से प्रेरणा ले रहे हैं, जब उनकी टीम ने चेन्नइयन एफसी को हराया था। सिंग्टो ने प्री मैच कॉन्फ्रेंस में कहा, "ट्रेनिंग के पिछले कुछ हफ्तों में लड़के एक-दूसरे के साथ घुलमिल गए हैं। हमने अब तक केवल अवे मैच खेले हैं और हमारा अगला मुकाबला घर पर होगा। चेन्नइयन एफसी एकमात्र टीम थी जिसे हमने पिछले सीजन में हराया था। क्या हम उसे फिर से हराएंगे? मैं यही चाहता हूं।"

# व्यापार

# सेबी ने नए एसेट क्लास को दी मंजूरी, इंडेक्स डेरिवेटिव्स के नियमों में कोई बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने तमाम संभावनाओं और आशंकाओं को नकारते हुए इंडेक्स डेरिवेटिव्स के नियमों में कोई फेरबदल नहीं किया है। हालांकि सेबी ने किसी एक एक्सचेंज के एक इंडेक्स को फिलहाल वीकली कॉन्ट्रैक्ट देने की अनुमति देने का प्रस्ताव किया है। कहा जा रहा है कि अगर इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती है, तो एक हफ्ते में दो एक्सपायरी की व्यवस्था के पहले चरण की शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही सेबी की गवर्निंग बॉडी ने म्यूचुअल फंड्स और पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज के बीच के अंतर को पाटने के लिए नए एसेट क्लास को शुरू करने की मंजूरी दे दी है।

उल्लेखनीय है कि 30 जुलाई को सेबी ने एक कंसल्टेशन पेपर जारी करके शेयर बाजार में स्थिरता बढ़ाने और छोटे निवेशकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इंडेक्स डेरिवेटिव्स के नियमों में कुछ फेरबदल करने का प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्ताव में कॉन्ट्रैक्ट के साइज को कम से कम चार गुना बढ़ाने, ऑप्शंस प्रीमियम को तुरंत इकट्ठा करने और वीकली कांट्रैक्ट्स की संख्या घटाने की बात कही गई थी।

मौजूदा व्यवस्था के तहत इंडेक्स आधारित कांट्रैक्ट्स का प्रावधान है, जिनकी डेली एक्सपायरी होती है। इस व्यवस्था में छोटे और खुदरा निवेशको के लिए जोखिम काफी अधिक होता है। सेबी की हाल में ही आई एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा भी किया गया था कि ऐसे सौदों में 93 प्रतिशत छोटे निवेशकों को नुकसान का सामना करना पड़ा है। इसी वजह से फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस से जुड़ी वर्किंग कमेटी ने इंडेक्स डेरिवेटिव्स के नियमों में बदलाव के कुछ सुझाव दिए थे। इन्हीं सुझावों के आधार पर सेबी ने 30 जुलाई को कंसल्टेशन पेपर में अपने प्रस्तावों को शामिल किया था, जिससे इस बात का अनुमान लगाया जा रहा था कि मार्केट रेगुलेटर वर्किंग कमेटी से जुड़ी सिफारिश के आधार पर नए फ्रेमवर्क को लागू करने की बात को लेकर गंभीर है।

सेबी की गवर्निंग बॉडी ने हालांकि एक बड़ा फैसला लेते हुए म्युचुअल फंड्स और पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज (पीएमएस) के अंतर को खत्म करने के लिए नए एसेट क्लास को शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है। सेबी की गर्वनिंग बॉडी ने हर इन्वेस्टर के हिसाब से 10 लाख रुपये के मिनिमम टिकट साइज के आधार पर नए एसेट क्लास को हरी झंडी दिखा दी है। इसके तहत एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) में निवेश स्ट्रेटजी के तहत नया प्रोडक्ट पेश किया जा सकेगा।

सेबी की ओर से उपलब्ध कराई जानकारी के मुताबिक नए प्रोडक्ट के तहत पेश किए गए ऑफर को इन्वेस्टमेंट स्ट्रेटजी माना जाएगा, ताकि इसे पारंपरिक म्युचुअल फंड के तहत ऑफर की गई स्कीम से अलग रखा जा सके। नए प्रोडक्ट के लिए इन्वेस्टमेंट की मिनिमम लिमिट एसेट मैनेजमेंट कंपनी में सभी इन्वेस्टमेंट स्ट्रेटजी के तहत 10 लाख रुपये प्रति इन्वेस्टर होगी। इस नए प्रोडक्ट का मकसद नए एसेट क्लास के माध्यम से देश के इन्वेस्टमेंट सिनेरियो में बेहतर ऑप्शन को शामिल करना है।

इस साल जुलाई में सेबी द्वारा जारी किए गए कंसल्टेशन पेपर में नए एसेट क्लास को लॉन्च करने की बात को लेकर भी राय मांगी गई थी। ये एसेट क्लास पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विस (पीएमएस) और म्युचुअल फंड के बीच का होगा, ताकि निवेशक अधिक जोखिम लेकर इसमें बड़ी रकम का निवेश कर सकें। इस नए एसेट क्लास का उद्देश्य निवेशकों को 10 से लेकर 50 लाख रुपये की सीमा में इन्वेस्टमेंट का ऑप्शन उपलब्ध कराना है। इसीलिए इसमें निवेश की मिनिमम लिमिट 10 लाख रुपये रखी गई है। ये एसेट क्लास तुलनात्मक तौर पर ऊंचे रिटर्न की पेशकश करेगा।

# ग्लोबल मार्केट से मिलेजुले संकेत, एशिया में मजबूती का माहौल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ग्लोबल मार्केट से आज मिलेजुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी का माहौल बना रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। वहीं, एशियाई बाजारों में आज मजबूती का माहौल बना हुआ है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कल नेशनल एसोसिएशन फॉर बिजनेस इकोनॉमिक्स कॉन्फ्रेंस में दिए गए अपने संबोधन में ब्याज दरों में दो और किस्तों में कटौती करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी अर्थव्यवस्था उम्मीद के मुताबिक ग्रोथ करती रही, तो इस साल दो किस्तों में 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती हो सकती है। पॉवेल के संबोधन के कारण अमेरिकी बाजार में उत्साह का माहौल बन गया, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,762.48 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,189.17 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42,254.89 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 83.81 अंक यानी 1.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,236.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 156.04 अंक यानी 2.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,635.75 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 148.70 अंक यानी 0.77 प्रतिशत टूट कर 19,324.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में आज मजबूती बनी हुई है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। चीन, कोरिया और हांगकांग के स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से शंघाई कंपोजिट इंडेक्स, कोस्पी इंडेक्स और हैंग सेंग इंडेक्स में आज कोई कारोबार नहीं हो रहा है। गिफ्ट निफ्टी 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,022.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 48.50 रुपये हुआ महंगा, नई दरें लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली**



त्योहारों की शुरुआत होने से पहले ही सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 48.50 रुपये का इजाफा किया है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के भाव में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें आज (मंगलवार) से प्रभावी हो गई है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक नई दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 48.50 रुपये बढ़ कर 1740 रुपये हो गयी है, जो पहले 1691.50 रुपये में मिल रहा था। कोलकाता में इसका भाव 48 रुपये बढ़ कर 1850.50 रुपये हो गया है, जो पहले 1802.50 रुपये में मिल रहा था। मुंबई में यह 48.50 रुपये बढ़ कर 1692.50 रुपये में मिल रहा है, जिसका भाव पहले 1644 रुपये था। इसके अलावा चेन्नई में यह सिलेंडर 1903 रुपये का मिल रहा है, जो पहले 1855 रुपये में मिल रहा था। उल्लेखनीय है कि सरकारी तेल विपणन कंपनियों आईओसी, एचपीसीएल और बीपीसीएल ने 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। दिल्ली में यह 803 रुपये और मुंबई में 802.50 रुपये का मिल रहा है।

# अक्टूबर के पहले दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी में कोई बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अक्टूबर के पहले दिन ही मंगलवार को घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट नजर आ रही है। इसके कारण आज सोना 150 से 160 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इस कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,380 रुपये से लेकर 77,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 70,940 रुपये से लेकर 70,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी 94,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# एटीएफ 4,567.76 रुपये प्रति किलो लीटर तक हुआ सस्ता, नई दरें लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली**



त्योहारी सीजन की शुरुआत होने से पहले ही सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) के दाम में 4,567.76 रुपये प्रति किलोलीटर तक घटा दी है। एटीएफ के भाव घटने से हवाई सफर सस्ता हो सकता है। नई दरें मंगलवार से लागू हो गई है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक नई दिल्ली में विमान ईंधन एटीएफ 5883 रुपये सस्ता होकर 87,597.22 रुपये प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) हो गया है। वहीं, कोलकाता में एटीएफ 5,687.64 रुपये सस्ता होकर अब 90,610.80 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है। इसी तरह मुंबई में एटीएफ का भाव 5,566.65 रुपये सस्ता होकर 81,866.13 रुपये प्रति किलोलीटर में मिल रहा है, जो पहले 87,432.78 रुपये प्रति किलोलीटर का था। चेन्नई में एटीएफ के दाम 6,099.89 रुपये तक घटे हैं, जो अब 90,964.43 रुपये प्रति किलोलीटर में मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) को जेट फ्यूल भी कहा जाता है। यह विमानों को चलाने के लिए इस्तेमाल होने वाला ईंधन है। इसकी दरें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों पर निर्भर करती हैं। एटीएफ की कीमतों में कटौती होने से हवाई सफर सस्ता होने की उम्मीद बढ़ जाती है, जबकि एयरलाइन कंपनियों को राहत मिलती है।

# संवेदक द्वारा विभागीय राशि नहीं जमा कराये जाने पर क्यूँ नरम है सशक्त समिति

चाणक्य भूमि बेतिया

» भ्रस्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति क्यूँ नहीं अपना रहा नगर निगम आखिर संवेदक को पुनः एक हफ्ते का समय क्यूँ दिया जा रहा है विज्ञापन की वसूली गई राशि जमा कराने के लिये



गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में हुई सशक्त स्थायी समिति की आज की बैठक में होर्डिंग के संवेदक अमित कुमार के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताई गई। महापौर गरिमा देवी सिकारिया द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में संवेदक अमित कुमार के द्वारा मात्र 70000 जमा किया गया था, जिस पर सशक्त स्थायी समिति की पिछली बैठक में आपत्ति की गई थी और आदेश किया गया था कि संवेदक द्वारा निगम के होर्डिंगधारक एवं चलित प्रचार गाड़ियों से इस वित्तीय वर्ष में अब तक वसूली की गई राशि उसकी सूची के साथ उपलब्ध कराना था, परंतु संवेदक द्वारा पुनः मात्र 100000 जमा कराया गया है। सशक्त स्थायी समिति ने सर्वसम्मति से संवेदक को पुनः एक हफ्ते का दूसरा नोटिस देने का निर्णय दिया है जिसमें संवेदक को अब तक विज्ञापन मद में वसूली गई राशि, उसकी सूची एवं रजिस्टर की कॉपी जमा करानी है।

**सूची देने के बाद अगर कोई भी ऐसी राशि की वसूली निगम क्षेत्र से पाई जाएगी जिसका विवरण उस सूची में नहीं होगा तो संवेदक पर सर्टिफिकेट केस कर्क राशि की वसूली की जाएगी।** महापौर द्वारा बताया गया कि आज के निर्णय के आलोक में एक हफ्ते के अंदर ही निगम के सभी होर्डिंग का नंबरिंग के साथ सर्वे कराना है। सशक्त स्थायी समिति की अगली बैठक में संवेदक और या उसके प्रतिनिधि अचूक रूप से उपलब्ध रहेंगे। महापौर को कुछ दुकानदारों द्वारा यह शिकायत प्राप्त हुई है कि उनके दुकान पर लगे उन्ही के नाम के बोर्ड की भी राशि उनसे वसूली गई है। जिस पर महापौर ने कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

बैठक में नगर आयुक्त शंभू कुमार, सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्य एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए। सूत्रों की माने तो संवेदक द्वारा अधिकांश बोर्ड निजी तौर पर लगवाये गये है परन्तु इसकी **जाँच करने वाले लोगों की मिलीभगत से इसका कर नगर निगम को प्राप्त नहीं होता है। yah भी जाँच का विषय है कि बिना उचित कर चुकाये आखिर इनके होर्डिंग्स लगाकर किसका नुकसान किया जा रहा है और यह तथ्य सही है तो किसको फायदा पहुँचाया जा रहा है।**

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चलाये जा रहे है सामुदायिक किचन सेंटर



चाणक्य भूमि बेतिया

जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने आज बाढ़ प्रभावित दर्जनों गांवों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नेपाल में हो रही बारिश के कारण गंडक नदी में पानी का भारी दबाव हो रहा है। जिससे निपटने और बाढ़ प्रभावित लोगों को तुरंत राहत मुहैया कराने को लेकर जिला प्रशासन हर संभव मदद कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि बार प्रभावित लोगों के लिए जिला प्रशासन की ओर से खाना, पानी, मानो दवा, पशु दवा, प्लास्टिक शीट एवं सूखा राशन का वितरण कराया जा रहा है। प्रत्येक गतिविधि पर जिला प्रशासन नजर रख रही है। जिले में 19 हजार से अधिक परिवार बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। जिले में 11 सामुदायिक किचन सेंटर चलाया जा रहा है। प्रतिदिन 8 हजार से अधिक लोग भोजन भी कर रहे हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ प्रभावितों लोगों के स्वास्थ्य जांच के लिए डॉक्टरों की टीम को भी तैनात किया गया है। वहीं बीमार पशुओं के इलाज की भी व्यवस्था की गई है। इसके लिये पशु चिकित्सकों की टीम दवाओं के साथ अपनी ड्यूटी कर रहे हैं।

# बेतिया पुलिस लोक व्यवस्था संधारण में सर्वोत्कृष्ट स्तर के लिए प्रतिबद्ध है



चाणक्य भूमि बेतिया

आज पुलिस अधीक्षक बेतिया के निर्देशानुसार पुलिस उपाधिक्षक (रक्षित ) बेतिया द्वारा व्यवहार न्यायलय के प्रागण में प्रतिनियुक पुलिस पदाधिकारी / बल की प्रतिनियुक्ति का निरीक्षण किया गया तथा निरिक्षण के क्रम में सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रतिनियुक पुलिस पदाधिकारी / बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।






# अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

» इस शिविर में बीपी शुगर, व कई प्रकार की जाँच के साथ दवाओं का भी निःशुल्क वितरण हुआ

चाणक्य भूमि बेतिया



आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर स्थानीय मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मूर्तजा अंसारी ने बताया की बुजुर्गो के स्वास्थ्य के हित में काम करना सरकार के साथ साथ समाज की भी नैतिक जिम्मेवारी बनतीं है परंतु प्रायः देखा जा रहा है की परिवार व समाज में बुजुर्ग के सम्मान में कमी आ रहीं है, जबकि उनकी समय समय पर देखभाल स्वास्थ्य जाँच आवश्यक है। उन्होंने बताया की इस शिविर में आये बुजुर्गो का सांस, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर इत्यादि की निःशुल्क जांच कर चिकित्सकों द्वारा उन्हें आवश्यक दवाएं दी गई।

इस मौके पर बगहा अस्पताल के अधीक्षक डॉ अशोक तिवारी ने कहा की बुजुर्ग हमारे लिए ईश्वर का वरदान होते हैं, जिनके आशीर्वाद से हमारा पालन पोषण होता है, उनके प्रति मन में सम्मान और अटूट प्रेम होना स्वभाविक सी बात है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण होता है, उस अवस्था में उनके साथ होना, जब वे असहाय और अक्षम होते हैं। यही उनके प्रति अहमारे प्रेम और सच्ची श्रद्धा होती है। भले ही समयाभाव में यह हमेशा संभव न हो, लेकिन इस एक दिन हम उनके प्रति जितने सर्मर्पित हो सकते हैं होना चाहिए, क्योंकि उन्हें सिवाए प्रेम के और कुछ नहीं चाहिए।

# बाढ़ से किसानों की फसलों का हुआ नुकसान

चाणक्य भूमि बगहा

» करीब 7.50 हजार हेक्टेयर में लगी धान की फसल बाढ़ के कारण फसलों को काफी नुकसान

नेपाल की तराई क्षेत्रों में हुई लगातार बारिश से गंडक बराज से लगभग 6 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद गंडक नदी में प्रलय कारी बाढ़ के कारण फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। बगहा अनुमंडल के सातों प्रखंडों में करीब 7.50 हजार हेक्टेयर में लगी धान की फसल बाढ़ के कारण प्रभावित हुई हैं। हालांकि अभी भी सैकड़ो एकड़ फसलों में जल जमाव की स्थिति बनी हुई है जिससे क्षति का सही आकलन जल जमाव हटाने के बाद हो पाएगा ।

बगहा अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अभय कुमार ने बताया कि बिगत दिनों आई प्रलय कारी बाढ़ के कारण धान,मक्का,गन्ना एवं साग सब्जी आदि फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। सबसे अधिक नुकसान धान व गन्ने की फसलों को हुई हैं. उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से प्रारंभिक तौर पर फसल क्षति का को अनुमान लगाया गया है। अनुमान के तहत बगहा अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में करीब साढे 7.50 हजार हेक्टेयर में लगी धान की फसले बाढ़ के कारण प्रभावित हुई है।

उन्होंने बताया कि गन्ना क्षति का सर्वे अभी नहीं हो पाया है। इसको लेकर कर्मियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक प्रखंड में फसले बगहा एक प्रखंड प्रभावित हुई है .बगहा एक प्रखंड में 4.50 हजार हेक्टेयर में लगी धान की फसल प्रभावित हुई है तो बगहा दो में लगभग 1000 हेक्टेयर में लगी धान की फसल बाढ़ के कारण प्रभावित हुई है।

## एसएसबी के द्वारा पौष्टिक आहार का वितरण

चाणक्य भूमि, वाल्मीकिनगर

21वीं वाहिनी के अधीन बाह्य सीमा चौकी झंडूटोला के द्वारा निरीक्षक (सामान्य) राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में हाल ही में बाढ़ग्रस्त बीन टोला के ग्रामीणों को भोजन कराया गया,एवं पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। बताते चलें कि विगत दिनो आए बाढ़ के दौरान झंडूटोला में स्थित एसएसबी के समवाय के जवानों द्वारा स्थानीय लोगो की मदद की गई एवं उन्हें बताया गया की आप ऊंचे स्थान पर चले जाए। तथा एसएसबी के रेस्क्यू टीम के द्वारा भी ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। प्रत्येक वर्ष इस इलाके में गंडक नदी द्वारा बाढ़ आ जाता है । इस दौरान ग्रामीणों की एसएसबी द्वारा हर संभव मदद की जाती है ।

21 वीं वाहिनी के बाह्य सीमा चौकी झंडू टोला के समवाय प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि एसएसबी यहां 24 घंटे मौजूद है एवं हर प्रकार की मदद करने के लिए तैयार है। इस अवसर पर निरीक्षक राजेंद्र कुमार सहित अन्य जवान मौजूद रहे I






# स्मार्ट मीटर को लेकर बगहा प्रखंड मुख्यालय पर राजद का धरना

चाणक्य भूमि बगहा

» राजद अध्यक्ष बालकुअँर यादव ने बताया कि स्मार्ट मीटर लोगों का खून चूस रहा है

स्मार्ट मीटर को लेकर मगंलवार को बगहा एक प्रखंड मुख्यालय पर राजद कार्यकर्ताओ ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया एव सरकार से स्मार्ट मीटर को हटाने का मांग किया।प्रदर्शन में शामिल प्रखण्ड एक राजद अध्यक्ष बालकुअँर यादव ने बताया कि स्मार्ट मीटर लोगों का खून चूस रहा है।उन्होने कहा कि स्मार्ट मीटर जबसे लगा हैं,लोग काफ़ी परेशान हैं।बिल का कोई लिमिट नहीं है।उन्होने कहा कि अगर स्मार्ट मीटर नही हटाया गया तो राजद व्यापक पैमाने पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।उन्होने कहा कि 200 यूनिट बिजली फ्री करे एव पुराना मीटर फिर से सभी के घरों में लगाए।वही राजद कार्यकर्ता पप्पू यादव ने कहा कि राजद सुप्रीमो के आदेशानुसार हमलोंग सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे है।उक्त मौके पर राजद कार्यकर्त्ता बेदी सहनी,दीनानाथ यादव,वोजीर मिया,अनील बैठा,प्रमोद यादव,रामचन्द्र यादव सहित अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न

चाणक्य भूमि बगहा



नगर थाना परिसर में मंगलवार को दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर थानाध्यक्ष अनिल कुमार के अगुवाई में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बगहा एसडीपीओ देवेंद्र कुमार व नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार एमएलसी सह जिला अध्यक्ष भीष्म सहनी ने दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण माहौल और सरकार के गाईड लाइन के अनुशार ममनाने को कहा गया।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का डीजे बजाने पर पूर्णरुप से प्रतिबंध रहेगा पूजा समिति का भी यह जिम्मेदारी रहेगी कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का हुडदंग नहीं हो धार्मिक भावना से ऊपर उठकर पूजा याचना करने की जरूरत है नशा मुक्ति का पालन करना है। इस अवसर पर जदयू एमएलसी भीष्म सहनी, प्रखंड बगहा एक बीडीओ प्रदीप कुमार, एसआई मुकेश कुमार, ऋषिकांत सिंह,नेहा प्रिया,खुशबू कुमारी सहित दयाशंकर सिंह,मुन्ना सिंह,अनिल सिंह, निजामुद्दीन अंसारी, परवेज आलम, आलमगीर रब्बानी, मनोज सिंह,सिंटू सिंह,राकेश सिंह,दीपक राही आदि मौजूद रहें।

# इंजीनियरिंग कॉलेज मे खाने मामले मे संवेदक पर लगा जुर्माना




चाणक्य भूमि बेतिया

29 सितंबर की रात इंजीनियरिंग कॉलेज कुमारबाग के छात्रों के खाने में छिपकली मिलने के मामले मे कॉलेज प्रबंधन की ओर से गठित सात सदस्यीय टीम ने जाँच के बाद मेस संचालक को दोषी पाते हुये एक लाख रुपए की जमा सुरक्षित राशि को जब्त करने की अनुशंसा की है।

जाँच टीम ने माना कि मेस कर्मियों की लापरवाही के कारण भोजन में छिपकली गिर गई थी जिसकी वजह से कई छात्रों की हालत खराब हो गई थी जिन्हें आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज बेतिया में भर्ती कराया गया था पर संयोग रहा कि कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई।












# राजद ने प्रीपेड मीटर को लेकर किया धरना प्रदर्शन

चाणक्य भूमि गौनाहा



» राजद के कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर को लेकर प्रखंड मुख्यालय में किया धरना

गौनाहा प्रखंड सहित पूरे बिहार में राष्ट्रीय जनता दल कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रीपेड मीटर को लेकर एकदिवसीय धरना दिया गया। राजद पहले से यह कहती रही है कि स्मार्ट मीटर में कई खामियां हैं। सरकार को इसे वापस लेने की विचार करना चाहिए। राजद ने लोकसभा चुनाव में वादा किया था की मेरी सरकार बनेगी तो दो सौ युनिट बिजली मुफ्त दी जाएंगी।

राजद अभी भी इस बयान पर कायम है। हमारी सरकार बनेगी तो मुफ्त बिजली दी जाएंगी। लेकिन भाजपा ऐसा कुछ नहीं कर रही है बल्कि स्मार्ट मीटर लगाकर गरीबो की खून चूस रही है I पुराने मीटर की तुलना में स्मार्ट मीटर से बढ़ा हुआ बिल उपभोक्ताओं के पास आ रहा है।बिजली बिल देने में असमर्थ गरीब और वंचित परिवार के घरों की बिजली काटी जा रही है। अब तो इस तरह के हालात बन गए हैं कि पूरे गांव की ही बिजली काटी जा रही है। इसलिए आज से आरजेडी प्रखंड मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर रहा है। आरजेडी का आरोप है कि बिजली कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए सीएमडी के द्वारा सभी जिलाधिकारी को बल प्रयोग करके स्मार्ट मीटर लगाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया है, जो कहीं से उचित नहीं है।

इस मामले पर राज्य सरकार या विद्युत विभाग के पदाधिकारी यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि आखिर क्या कारण है कि बिजली कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए जबरन मीटर लगाने की बातें क्यों की जा रही है।लोगों को घर-घर जाकर जागरूक करेंगे। स्मार्ट मीटर का बिल बहुत अधिक आ रहा है। गरीब परिवार इसका भुगतान नहीं कर पाएंगे। इसके जरिए लोगों को ठगा जा रहा है। दिन भर घर से बाहर रहने पर भी बिल चालू रहता है। पॉकेट से जबरदस्ती पैसा निकाला जा रहा है।

जो राजद नेताओं के द्वारा गौनाहा एक प्रखंड के प्रांगण एकदिवसीय धरना किया जा रहा है जिसके लेकर जिला महासचिव राजद पश्चिम चम्पारण सह प्रखंड प्रभारी बिट्टू जयसवाल ने बताया कि गौनाहा एक प्रखंड के प्रांगण में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा एकदिवसीय धरना पर बैठे हुए हैं और उनके द्वारा बताया गया कि यह प्रीपेड मीटर नहीं है यह गरीबों का खून चूस्वा मीटर है

वही राजद प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम ने बताया कि यह सरकार की मिली जुली से प्रीपेड मीटर लगाया जा रहा है बताया गया है कि जिसके घर में एक बल्ब और एक पंखा चल रहा है उसके घर का बिजली बिल गरीब आदमी के घर 28000 का बिल आया हुआ है यह जो प्रीपेड मीटर है गरीबों के लिए स्मार्ट मीटर नहीं स्मार्ट चिटर है।इस धारना मे रिपु दमन सिंह यादव,बैद्यनाथ प्रसाद यादव,नमसे आलम खान,मनोज यादव, परवेज आलम, सचिन कुमार यादव, राम विनय प्रसाद, जितेंद्र कुमार, प्रखंड प्रभारी राजद बिट्टू जयसवाल, आदित्य जयसवाल, प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम आदि उपस्थित थे I












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714